भीलवाड़ा, शुक्रवार 8 नवंबर, 2024

RNI NO. RAJHIN/2016/74127

नमस्ते राजस्थान

वर्ष: 09: अंक: 01 E-Mail: namasterajasthan11@gmail.com, nrnews100@gmail.com भीलवाड़ा संस्करण पृष्ठ 08 मूल्य 4 रुपए हिन्दी साप्ताहिक समाचार-पत्र मो. 9214417111, 8005910698

हिंदुओं पर हो रही बर्बरता अब हिंदुओं को रखने पड़ेंगे शस्त्र 2024 का जागा हुआ हिन्दू अब रुकने वाला नहीं

हमारा परिवार असुरक्षित फिर भी 100 करोड़ हिंदुओं पर पूरा भरोसा

नमस्ते राजस्थान

भीलवाड़ा। धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की कथा का आज दूसरा दिन हे गुरुवार को बागेश्वर सरकार धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने प्रेस वार्ता की इस मौके पर महाराज ने कहा कि मेवाड़ की धरोवर भीलवाड़ा में आने का मुझे सौभाग्य मिला। उन्होंने बड़ी बात बोलते हुए कहा कि इस कथा का प्रमुख उद्देश्य हे कि हमें सनातन हिन्दू धर्म का प्रचार करना है जो जात पात में बटा हिन्दू एक हो जो बिछड़े ओर पिछड़े लोगों को मंच देना हे । प्रत्येक हिन्दु को एक होना पड़ेगा। राजनीति पर बड़ा ब्यान देते हुवे कहा कि जो धर्म की राजनीति करता तो वह अपनी रोटियां शेख रहा हे धर्म से राजनीति चलती हे राजनीति से धर्म नहीं चलता ।

राजनीति में यदि धर्म नही हे तो राजनीति अंधी है। अभी के राजनेता धर्म का उपयोग करके राजनीति का वोट बैंक बना रहे ये मेरे देश सबसे बड़ा दुर्भाग्य है। दिव्य दरबार के बहाने हमें हिन्दुओं को एक करना हे ना हमें सीधी चाहिए ना केवल ओर केवल सनातन धर्म की रक्षा करनी है। महाराज ने आगे कहा कि दीपावली त्यौहार पर पटाखे फोड़ थे हे तो प्रदूषण फैलता हे मगर बकरे ईद के समय इतना खून खराब जीव हत्या होती हे तब प्रदूषण नहीं फैलता हम इस पर कोई व्यक्ति नहीं बोलता अब हिंदुओं को जागना पड़ेगा और हमारे त्योहारों को बचाना पड़ेगा वहीं हम सनातनी पेड़ पौधे लगाते हे तब तो कोई भी नहीं बोलता । हिंदुओं को अब आत्म रखा की जरूरत हे जिस प्रकार हिंदुओं पर बर्बरता पूर्वक हमले हो रहे जिसके लिए हमें अपनी रक्षा के लिए शस्त्र रखने पड़ेंगे अपने आत्म रक्षा के लिए हम शस्त्र रख सकते जिसमें कानून में भी प्रावधान हे। महाराज ने आगे कहा कि एक देश ऐसा होना चाहिए जहां हिंदुओं का वर्चस्व हो । मुझे 100 करोड़ हिन्दू भाइयों पर भरोसा हे हम अपने लिए नहीं लड़ रहे हे हम इनके लिए लड़ रहे हे हमारा परिवार सुरक्षित नहीं वह घर से बहार नहीं निकल सकते फिर भी हम केवल ओर केवल हिन्दू भाइयों के लिए लड़ाई लड़ रहे हे। 100 करोड़ हिन्दू हमारे साथ हे ये हमें पूर्ण विश्वाश है। वक्फ बोर्ड के लिए शास्त्री ने कहा कि वक्फ बोर्ड वाले कहते हे कि देश की संसद की जमीन वक्फ बोर्ड की हे कल को ये हमारे घर पर आकर कहेंगे कि ये भी जमीन हमारी हे तो हिन्दू कहा जायेगा इसलिए हमारी मांग हे या तो वक्फ बोर्ड खत्म हो या सनातन बोर्ड का गठन हो । तुम छेड़ोगे तो हम छोड़ेंगे नहीं हमने ये कहा था ये 2024 का जागा हुआ हिन्दू है यदि किसी हिन्दू बेटी को तुम छेड़ोगे ओर हिन्दू सोता रहेगा अब हिन्दू जागरूक हो चुका है।

बेसमेंट में भरे 5 फीट पानी में बच्चा डूबा: बहन को ढूंढते हुए पहुंचा था 3 साल का मासूम; मां-छोटा भाई सो रहे थे

नमस्ते राजस्थान

भरतपुर। घर के बेसमेंट में भरे 5 फीट पानी में 3 साल के बच्चे की डूबने से मौत हो गई। बच्चा अपनी बहन को ढूंढते हुए सीढ़ियों से बेसमेंट में उतर गया था। मां और छोटा भाई सो रहे थे। हादसा भरतपुर के उद्योगनगर थाना इलाके में बुधवार दोपहर 2 बजे हुआ।

बच्चे के चाचा अतुल कुमार ने बताया- हादसे में ध्रुव (3) पुत्र प्रदीप की मौत हुई है। दोपहर में ध्रुव की मां श्रीमती (34) बरामदे में चारपाई पर 3 महीने के बेटे को लेकर सो रही थी। ध्रुव भी वहीं पास में बोतल से दूध पी रहा था। बड़ा भाई प्रदीप बाहर गया हुआ था।

मैं पत्नी और बेटी तान्या (3) के साथ किसी काम से भरतपुर चला गया था। ध्रुव और तान्या साथ खेलते थे। बुधवार को बड़ी बहन दिखाई नहीं दी तो ध्रुव उसकी तलाश में बरामदे से बाहर निकल आया। उसकी मां सो गई थी। किसी को उसके निकलने का पता नहीं चला। तान्या को ढूंढते हुए ध्रुव घर के बेसमेंट तक पहुंच गया। बेसमेंट में 5 फीट पानी भरा है और वह डूब गया।

दोपहर 3 बजे जब भाभी श्रीमती की आंख खुली तो वह ध्रुव को तलाशने लगी। अतुल ने बताया- भाभी ने कॉल कर कहा कि ध्रुव नहीं मिल रहा है। क्या वह तुम्हारे साथ गया है। भतीजे के लापता होने की बात सुनकर हम जल्दी घर पहुंचे और हर तरफ उसकी तलाश की। लोगों से पूछा। मैं उसे एक बार बेसमेंट में देख चुका था, लेकिन वह वहां नहीं दिखा। बेसमेंट में उतर कर देखा तो वहां नीचे बने एक छोटे कमरे में उसका शव पानी में नजर था। पास ही दूध की बोतल भी मिली।

भतीजे को पास के प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए, वहां से हमें आरबीएम हॉस्पिटल जाने को कहा। सरकारी हॉस्पिटल ले गए तो डॉक्टर ने कहा- बच्चे की मौत हो चुकी है।

अतुल ने बताया- यह पानी फर्श लीक होने से अपने आप भर जाता है। आस-पास कोई नदी-तालाब भी नहीं है। इसका फर्श लीक करता है। दीपावली पर पानी बाहर निकलवाया था। हालांकि फिर से भर गया। ऐसा पिछले 3 साल से हो रहा है। बेसमेंट में सीढ़ियों के पास जाली का गेट लगाया हुआ है। यह गेट खुला रह गया। इससे हादसा हुआ।

विधायक कोठारी ने पूर्वांचल वासियो को छठ पूजा की दी बधाई

छठ पूजा सेवा समिति द्वारा विधायक कोठारी का किया सम्मान

नमस्ते राजस्थान

भीलवाड़ा। विधायक अशोक कोठारी गुरुवार शाम को मानसरोवर झील पटेलनगर व पांसल चौराए पर स्थित वाटर वर्क्स पर पहुंचे, वहां पर आतिथ्य ग्रहण कर छठ पूजा की बधाई शुभकामनाएं दी।

छठ पूजा सेवा समिति के रजनीश वर्मा, डॉ. अशोक सिंह, कामेश्वर शाह, सुरेश, दिनेश सहानी, शेलेन्द्र यादव, बबलू सिंह व आयोजक गणो ने कार्यक्रम में विधायक कोठारी व अतिथियों का उपरना पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर विधायक कोठारी ने कहा छठ पूजा का शास्त्रों में काफी महत्वपूर्ण स्थान है, विधि विधान से सरोवर पर छठ माता की पूजा से सुख समृद्धि उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है, स्मरण रहे छठ पूजा के व्रत में परिवार सहित उपस्थित होकर फल, फूल, मिठाई, पुष्प व दिप प्रज्जवलन कर पूजा का विधान माना जाता है।

खान सुरक्षा महानिदेशालय के तत्वाधान में श्री सीमेंट लिमिटेड रास में सुरक्षित ब्लास्टिंग प्रणाली पर कार्यशाला मैं नई प्रणाली से सुरक्षित तरीके से ब्लास्टिंग को लेकर दी जानकारी

नमस्ते राजस्थान

Explosives & Safe Blasting Pract
(Organised and Unoraganised Sector)
Under The Aegis of
Directorate General of Mines S
Date: 7th Nov.2024
Host- Nimbeti Limestone Mi
Shree Cement Limited

जैतारण/राधेश्याम दाधीच। श्री सीमेंट लिमिटेड में सुरक्षित ब्लास्टिंग प्रणाली कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. आई सत्यनारायण, निर्देशक खान सुरक्षा- अजमेर क्षेत्र-2 की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सुरक्षित रहकर ब्लास्टिंग करने को लेकर विस्तार से सभी फैक्ट्री के माइंस प्रबंधकों को जानकारी से अवगत कराया गया एवं समय-समय पर नई तकनीक अपनाने को लेकर गुर सिखाए गए इस कार्यशाला में अल्ट्राटेक यूनिट पाली श्री सीमेंट रास अदानी ग्रुप राबडियावास सहित विभिन्न फैक्ट्री के माइंस अधिकारियों ने जिसमें पाली जिले की विभिन्न खदानों ने भाग लिया एवं उनके प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न सुरक्षित ब्लास्टिंग प्रणाली पर प्रेजेंटेशन दिए गए। जिसमें अल्ट्राटेक पाली, अदानी सीमेंट, श्री सीमेंट के अधिकारी एवं श्रमिको ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. सत्यनारायण, निर्देशक खान सुरक्षा ने बताया कि ब्लास्टिंग कार्य को करने से पहले सैफ ऑपरेटिंग प्रोसीजर को ध्यान में रखकर कार्य करें, साथ नये ब्लास्टिंग तकनीक की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी जेपी आमेटा, टी के डेलावत, टी वी श्रीनिवासन दिग्विजय सिंह उपस्थित रहे। श्री सीमेंट के वरिष्ठ महाप्रबंधक (खान) टी के डेलावत ने ब्लास्टिंग से संबंधित नियमों की जानकारी दी। कार्यक्रम में भरत गोखरू, गणपत राव, अमिताभ चौधरी शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन हरीश आर्य ने किया।

हिस्ट्रीशीटर ने पुलिस के सामने खुद को मारी गोली: फरार आरोपी को पकड़ने कोटा से गया था जाप्ता, सरकारी स्कूल में छुपे थे तीनों बदमाश

कोटा। बूंदी में वांछित अपराधी को पकड़ने गई कोटा पुलिस पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। वांछित अपराधी अपने दो साथियों के साथ पुलिस पर फायर किया। फायरिंग के बाद पकड़े जाने के डर से उसके हिस्ट्रीशीटर साथी ने खुद को गोली मार ली। पुलिस उसे तुरंत हॉस्पिटल लेकर गई। कोटा सिटी एसपी डॉ.अमृता दुहन ने बताया- घटना बुधवार शाम करीब साढ़े 5 बजे बूंदी जिले के रायथल थाना क्षेत्र की है। कोटा से पुलिस जाप्ता नांता थाने के वांछित अपराधी की तलाश में बूंदी गया था। बूंदी पुलिस की मदद से उसे और उसके दो साथियों हिस्ट्रीशीटर अमन उर्फ लाला और समीर उर्फ पल्सर को पकड़ा गया है।

कोटा सिटी एसपी ने बताया- नाबालिग वांछित अपराधी 4 महीने पहले मोहनलाल सुखाड़िया आवासीय योजना में घर में घुसकर मारपीट के मामले में फरार था। उसके बूंदी से खटखड़ आने की तरफ आने की सूचना मिली थी। वांछित अपराधी ने अपने दो साथियों हिस्ट्रीशीटर अमन उर्फ लाला और समीर उर्फ पल्सर के साथ बाइक पर भागने की कोशिश की।

पुलिस ने तीनों को घेर लिया। इस बीच हिस्टीशीटर ने खुद के पैर में गोली मार ली। उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां से कोटा रैफर किया गया। अमन लाला नांता थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ 28 मामले दर्ज है। वांछित अपराधी और समीर रायथल पुलिस की कस्टडी में है। बूंदी जिले के केशवरायपाटन डीएसपी आशीष भार्गव ने बताया- कोटा पुलिस को इनपुट मिला था कि अपराधी बूंदी से खटखड़ की तरफ आ रहे है। तीनों अपराधी एक बाइक पर खटखड़ से केशवरायपाटन की तरफ जाते दिखाई दिए। बाइक पर वांछित अपराधी और उसके दोनों साथी हिस्ट्रीशीटर अमन लाला व समीर बैठे थे। पुलिस ने बाइक सवारों का 10 किमी जखाना गांव तक पीछा किया।

हनुमान बेनीवाल बोले-मोदी-शाह आएंगे, जीत की रेखा मेरे हाथ में

वसुंधरा से टक्कर ली, आज वे कहां? गहलोत के बेटे को चुनाव हराया

नमस्ते राजस्थान

नागौर। नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने भाजपा-कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए प्रचार में मोदी-शाह आएंगे लेकिन जीत की रेखा सिर्फ मेरे हाथ में है। मैंने वसुंधरा से टक्कर ली, आज वे कहां हैं। मैंने गहलोत से टक्कर ली, उनके बेटे (वैभव) को चुनाव में हरा दिया।

बेनीवाल ने मदन राठौड़ पर हमला करते हुए फ्छ्ढ नेता थान सिंह डोली को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से बड़ा नेता बताया। नागौर की खींवसर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए 13 नवंबर को वोटिंग होगी। आरएलपी प्रमुख हनुमान बेनीवाल ने यहां से पत्नी कनिका बेनीवाल को प्रत्याशी बनाया है। पत्नी के समर्थन में मंगलवार रात 11 बजे हनुमान बेनीवाल असावरी गांव पहुंचे थे।

चुनावी सभा को संबोधित करते हुए हनुमान बेनीवाल ने कहा- मुझे किसी ने नेता नहीं बनाया। मैंने कई लोगों को नेता बनाया है। वे लोग मेरा फोटो लगाकर प्रचार कर रहे हैं। सभाएं कर रहे हैं। ये बालोतरा का थान सिंह डोली मदन राठौड़ से बड़ा नेता है। ये मंच पर बैठा है। बालोतरा का बड़ा नेता है।

बेनीवाल ने कहा- कोई बड़ा नेता कैसे बनता है, जो चुनाव लड़ता है और उसके 25-30 हजार वोट आते हैं, वो नेता हो जाता है। कोई टिकट लेकर घर बैठ गया और फिर हाथाजोड़ी करके कहीं दूसरी जगह बैठ गया होगा। ऐसे कोई मेरी राजनीति कहां से खत्म कर देगा?

जिला कलक्टर नमित मेहता का सहाड़ा दौरा

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आमली और उप तहसील कार्यालय, कारोई का औचक निरीक्षण किया

चीरखेड़ा में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में सुनी आमजन की समस्याएं

नमस्ते राजस्थान

भीलवाड़ा। जिला कलक्टर नमित मेहता गुरुवार को सहाड़ा क्षेत्र के दौरे पर रहें। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत चीरखेड़ा में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में आमजन की समस्याएं सुनी। इसके पश्चात उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आमली का औचक निरीक्षण किया और स्वास्थ्य व्यवस्थाएं जांची। साथ ही उप तहसील कार्यालय, कारोई का भी निरीक्षण किया।

त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं को सुनने के लिए जिला कलक्टर नमित मेहता चीरखेड़ा ग्राम पंचायत पहुंचें। उन्होंने ग्रामीणों के पेयजल, बिजली, सड़को के मरम्मत, नाली निर्माण, भवन निर्माण, अतिक्रमण हटवाने, श्मशान निर्माण, हैंडपंप लगवाने सहित विभिन्न परिवेदनाओं के 20 से अधिक प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर ग्रामीणों को राहत प्रदान की।

पेयजल और विद्युत सप्लाई दुरुस्त करने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में स्थानीय लोगों ने पेयजल से संबंधित समस्याएं जिला कलक्टर के समक्ष रखी। जिला कलक्टर ने पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता को पेयजल सप्लाई दुरुस्त करने के लिए निर्देशित किया। पीएचईडी अधीक्षण अभियंता राजपाल सिंह ने बताया कि क्षेत्र में चंबल प्रोजेक्ट का कार्य शुरू होने तक रेगुलर सप्लाई को बेहतर कर ग्रामवासियों को राहत देने का प्रयास किया जा रहा हैं, चंबल परियोजना का जल पहुंचने के पश्चात पेयजल सप्लाई निर्बाध हो जाएगी। जिला कलक्टर ने जनसुनवाई में डिस्कॉम के अधिकारी को बिजली की समस्या के समाधान के लिए रेगुलर मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ चंद्रभान भाटी, एसडीएम राजेश कुमार सहित पानी, बिजली, चिकित्सा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी तथा ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहें।

पीएचसी का औचक निरीक्षण

इसके पश्चात जिला कलक्टर नमित मेहता ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आमली का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिला कलक्टर ने अस्पताल परिसर में उगी झाड़ियों को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने पीएचसी प्रभारी को झाड़ियां हटवाने, साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सीएमएचओ डॉ सीपी गोस्वामी को अस्पताल में डिलीवरी की संख्या बढ़ाने और जिले की सभी पीएचसी में संस्थागत प्रसव हो यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाउंड्री वाल की मरम्मत और रंगरोशन के भी निर्देश दिए। उन्होंने दवाओं के स्टॉक को जांचा और एक्सपायरी डेट की जांच की। उन्होंने अस्पताल में दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही हाजिरी रजिस्टर से कार्मिकों की उपस्थिति जांची। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सकीय प्रबंधन बेहतर रखें एवं मरीज का त्वरित उपचार हो। जिला कलक्टर ने इलाज के लिए आए ग्रामीणों अस्पताल में दी जा रही सुविधाओं के संबंध में फीडबैक भी लिया। उन्होंने अस्पताल की प्रयोगशाला, टीकाकरण कक्ष, दवा वितरण केंद्र, स्टोर रूम सहित विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया।

उप तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया

जिला कलक्टर नमित मेहता ने उपतहसील कार्यालय, कारोई का औचक निरीक्षण किया जहां नायब तहसीलदार को परिसर की साफ सफाई, झाड़ियां हटवाने के लिए निर्देश दिए।

एक नजर

राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ का 67वां सम्मेलन

राजस्थान विधान सभा सर्वश्रेष्ठ विधान सभा बनने की ओर अग्रसर : देवनानी

नमस्ते राजस्थान

जयपुर। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि राजस्थान विधान सभा में जन-दर्शन, सर्वदलीय बैठक, भारतीय वर्ष के अनुसार दैनन्दिनी और वार्षिक कैलेण्डर का प्रकाशन कर ऐतिहासिक नवाचार किये गये है। उन्होंने कहा कि नई गति, नई दिशा और नवाचारों के साथ राजस्थान विधान सभा सर्वश्रेष्ठ विधान सभा बनने की ओर अग्रसर है। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरुवार को सिडनी (आस्ट्रेलिया) में आयोजित राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ के 67 वें सम्मेलन के दौरान आयोजित साधारण सभा में राजस्थान विधान सभा में किये जा रहे नवाचारों की जानकारी दी।

देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधान सभा के द्वार आमजन के लिये खोल दिये गये हैं। विधान सभा में राजनैतिक आख्यान संग्रहालय का आमजन, विद्यार्थी और शोधार्थी अवलोकन कर रहे हैं। दिन-प्रतिदिन आमजन की संख्या संग्रहालय को देखने के लिये बढती जा रही है। राजस्थान की समृद्ध संस्कृति और राजनैतिक इतिहास की देश और विदेशों में पहचान बन रही है। जन-दर्शन से राजस्थान विधान सभा की अनूठी इमारत को पर्यटकों को निकटता से निहारने का मौका मिल रहा है।

राष्ट्रीय ध्वज के साथ सभा में प्रवेश राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ की साधारण सभा में भारत के विभिन्न राज्यों की विधान सभाओं के अध्यक्षों ने भारत के गौरव राष्ट्रीय ध्वज के साथ सामूहिक रूप से प्रवेश किया। विदेशी धरती पर भारत के गौरव तिरंगे को लहराकर भारत के विभिन्न राज्यों की विधान सभाओं के अध्यक्षगण ने गौरव की अनुभूति की।

राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के सम्मेलन में राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से सिंध विधान सभा अध्यक्ष ओवैस कादिर शाह की मुलाकात हुई। देवनानी ने बताया कि इस मुलाकात में सिंघ के कला, संस्कृति और इतिहास के बारे में जानकारी साझा की गई। दोनों के बीच सिंधी भाषा में संवाद हुआ। कादिर शाह ने देवनानी को पाकिस्तान आने का निमंत्रण भी दिया। उल्लेखनीय है कि देवनानी सिंधी बाहुल्य अजमेर उत्तर विधान सभा क्षेत्र से लगातार पांचवी बार विधायक चुने गए हैं।

सेक्टोरल सत्रों के साथ राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के लिए तैयार है

नमस्ते राजस्थान

जयपुर। राजस्थान राज्य 9 से 11 दिसंबर, 2024 तक जयपुर में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 की मेजबानी करने के लिए तैयार है। इस समिट में वैश्विक निवेशकों, उद्योग जगत के व्यापारी, नीति निर्माताओं और सरकारी अधिकारियों के शामिल होने की उम्मीद है क्योंकि इसका उद्देश्य राजस्थान को विभिन्न क्षेत्रों में निवेश, नवाचार और सतत विकास के लिए अग्रणी गंतव्य के रूप में स्थापित करना है।

इस समिट में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित विषयगत और सेक्टोरल सत्रों की विविध श्रृंखला होगी, जिसका उद्देश्य प्रमुख उद्योगों में वर्तमान चुनौतियों और भविष्य के अवसरों दोनों को संबोधित करना है। ये सत्र आर्थिक विकास और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए नवाचार, स्थिरता और समावेशिता का लाभ उठाने पर राजस्थान के फोकस पर जोर देंगे और साथ ही भविष्य की चुनौतियों और नीति संशोधनों के माध्यम से साझेदारी, अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कदमों पर भी ध्यान केंद्रित करेंगे।

राजस्थान सरकार के अतिरिक्त आयुक्त बीआईपी सौरभ स्वामी ने कहा, राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 सिर्फ़ निवेश के लिए एक मंच नहीं है, बल्कि यह सभी क्षेत्रों में नवाचार, स्थिरता और समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। विषयगत और सेक्टोरल सत्रों की विविधता के माध्यम से, हम अक्षय ऊर्जा, डिजिटल परिवर्तन और समावेशी पर्यटन जैसे क्षेत्रों में अग्रणी होने की अपने राज्य की क्षमता को उजागर कर रहे हैं। यह शिखर सम्मेलन राजस्थान की दूरदर्शी नीतियों, उद्योग-तैयार बुनियादी ढाँचे और वैश्विक निवेशकों के लिए हमारी विकास कहानी का हिस्सा बनने के विशाल अवसरों को प्रदर्शित करने का एक अवसर है।

9 दिसंबर, 2024 को शिखर सम्मेलन उच्च-स्तरीय विषयगत चर्चाओं की एक श्रृंखला के साथ शुरू होगा। महिला और बाल विकास विभाग हरस्टोरी एडवांसिंग इनक्लूसिव सोसाइटीज शीर्षक से सत्र का नेतृत्व करेगा, जिसमें आवश्यक स्तंभों के रूप में आर्थिक समानता और सामाजिक समावेश पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

राज्यपाल बागडे ने 'इनोफ़ेस्ट इंडिया 2024' का शुभारंभ किया

युवाओं में नए विचारों और सफलता के लिए ज़रूरी संसाधनों की समझ की दृष्टि से महत्वपूर्ण है इनोफ़ेस्ट इंडिया : राज्यपाल बागड़े

नमस्ते राजस्थान

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए देश में एक मज़बूत माहौल तैयार किया जाए। इसके अंतर्गत युवाओं में नए विचारों और सफलता के लिए ज़रूरी संसाधनों की समझ विकसित करनी होगी। उन्होंने कहा कि इस दृष्टि से 'इनोफ़ेस्ट इंडिया' जैसे आयोजन महत्वपूर्ण हैं।

बागडे गुरूवार को पोद्दार ग्रुप आफ इन्स्टीट्यूशन तथा फेडरेशन ऑफ़ यूनिकॉर्न स्टार्ट अप्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित इनोफ़ेस्ट इंडिया 2024 में संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकसित भारत 2047 की कल्पना संजोई गई है। इसकी सफलता मानव शक्ति के सुनियोजित उपयोग के साथ राष्ट्र में युवाओं द्वारा नए–नए स्टार्ट अप, उद्यमिता विकास के कार्य अधिकाधिक करने से ही संभव होगी। उन्होंने कहा कि भारत आने वाले समय में पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने वर्ष 2027-28 तक भारत के पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के साथ तीसरी सबसे बड़ी जी.डी.पी. होने का अनुमान व्यक्त किया है।

राज्यपाल ने कहा कि स्टार्ट-अप्स आज के आर्थिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इनसे न केवल रोजगार का सृजन होता है बल्कि नये विचारों और प्रौद्योगिकीय नवाचारों के माध्यम से समाज विकास की ओर अग्रसर होता है। उन्होंने कहा कि देश आजाद होने के बाद देश में अनाज की कमी थी परंतु भारत में खाद्य आत्मनिर्भरता के लिए निरंतर प्रयास हुए।

आज देश अनाज का सबसे बड़ा निर्यातक है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के प्रयासों से देश में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, तकनीकी विकास के महती कार्य हुए हैं।

उन्होंने बाड़मेर के गांवों में नर्मदा के पानी लाए जाने की चर्चा करते हुए कहा कि विकास में युवा सहभागी बने। उन्होंने प्राचीन भारत के ज्ञान-विज्ञान की चर्चा करते हुए कहा कि नालंदा देश का ऐसा विश्वविद्यालय था जहां विश्वभर से विद्यार्थी पढ़ने आते थे। इस ज्ञान को समाप्त करने के लिए वहां के पुस्तकालय को आग लगा दी गई। उन्होंने आर्यभट्ट, नागार्जुन की चर्चा करते हुए कहा कि दशमलव की खोज भारत की है। नागार्जुन महान रस शास्त्री हुए। इनसे प्रेरणा लेते हुए युवा देश को आगे बढाएं।

राज्यपाल ने कहा कि नई सोच, नये विचार और नयी ऊर्जा के साथ आगे बढ़ते हुए, हमारे युवा उद्यमी देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने गांव और शहर का भेद मिटाते हुए देश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण और उद्यमिता के विकास के लिए कार्य करने पर जोर दिया। इससे पहले पोद्दार ग्रुप आफ इन्स्टीट्यूशन के आंनद पोद्दार ने 'इनोफ़ेस्ट इंडिया 2024' के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

राजभवन में स्काउट गाइड झंडे के स्टीकर का लोकार्पण

नमस्ते राजस्थान

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने गुरुवार को राजभवन में भारत स्काउट गाइड के 75 वें स्थापना दिवस की स्मृति पर निर्मित स्टीकर का लोकार्पण किया। उन्होंने इस दौरान स्काउट गाइड संगठन की 75 वर्ष की यात्रा को महत्वपूर्ण बताते हुए सेवा और संकल्प के उद्देश्य से स्थापित इस संगठन से युवाओं को निरंतर प्रेरणा लेते विकसित भारत में योगदान का आह्वान किया।

इससे पहले राज्यपाल बागडे को स्काउट गाइड के मुख्य आयुक्त निरंजन आर्य के नेतृत्व में स्काउट गाइड शिष्टमंडल ने मुलाकात कर उनका अभिनंदन किया।

कृषि, उद्यानिकी एवं कृषि विपणन विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित

योजनाओं के क्रियान्वयन की गति बढ़ाकर किसानों को पहुंचाएं लाभ : राजन विशाल

नमस्ते राजस्थान

जयपुर। शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी राजन विशाल ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की गति बढ़ाकर ज्यादा से ज्यादा कृषकों को त्वरित लाभ पहुंचाया जाये।

राजन विशाल गुरूवार को पंत कृषि भवन में विभागीय योजनाओं की प्रगति के सम्बन्ध में कृषि, उद्यान एवं कृषि विपणन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

बैठक में उन्होनें बताया कि राज्य सरकार की प्रथम वर्षगांठ पर किसानों को एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के अंतर्गत 5 हजार 500 फार्मपौण्ड, 3 हजार कृषकों को पाईपलाइन, 5 हजार किसानों को तारबंदी के लिए सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से किसानों के खातों में हस्तान्तरित की जायेगी। इसी प्रकार नहरी क्षेत्र में 500 डिग्गियों, एक हजार किसानों को कृषि उपकरण, 2 हजार वर्मीकम्पोस्ट इकाईयां, गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना के अन्तर्गत 3 हजार किसानों को गौवंश से जैविक खाद उत्पाद के लिए सहायता और 100 कस्टम हायरिंग केन्द्रों की स्थापना के साथ ही 10 हजार कृषि विषय से अध्ययनरत छात्राओं को प्रोत्साहन राशि डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में हस्तान्तरित की जायेगी। नमो ड्रोन दीदी योजना में 50 कलस्टर विकसित किए जायेंगे।

शासन सचिव ने कहा कि बजट घोषणाओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें शत-प्रतिशत क्रियान्वित करके समय पर पूरा करें। विभागीय अधिकारी ज्यादा से ज्यादा कृषकों को योजनाओं की जानकारी दें, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक कृषक को विभागीय योजनाओं का लाभ मिल सके। राजन विशाल ने बैठक में फार्म पौण्ड, डिग्गी, सिंचाई पाईप लाईन, तारबंदी, कृषि यंत्र, कस्टम हायरिंग सेन्टर, राज किसान साथी पोर्टल, ग्रीन हाउस, पॉली हाउस, सोलर पम्प, ड्रिप, स्प्रिंक्लर, मिनी स्प्रिंक्लर कृषक उत्पादक संगठन सहित विभागीय गतिविधियों के बारे में सम्बन्धित योजना प्रभारियों से प्रगति की जानकारी ली।

बैठक में आयुक्त कृषि चिन्मयी गोपाल, आयुक्त उद्यानिकी सुरेश कुमार ओला, निदेशक कृषि विपणन विभाग राजेश कुमार चौहान, उप सचिव कृषि अशोक कुमार मीणा, महाप्रबंधक कृषि विपणन बोर्ड संजय शर्मा सहित सम्बन्धित योजना प्रभारी अधिकारी मौजूद रहे।

राइजिंग राजस्थान जयपुर जिला स्तरीय इंवेस्टमेंट समिट का आयोजन आज

राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित होगा जिला स्तरीय इंवेस्टर्स मीट कार्यक्रम, 45 हजार करोड़ से अधिक के निवेश करारों (एमओयू) पर होंगे हस्ताक्षर

नमस्ते राजस्थान

जयपुर। जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू जिलों की जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन शुक्रवार 8 नवंबर, 2024 को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में किया जाएगा। जयपुर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में 45 हजार करोड़ के 205 निवेश प्रस्तावों पर हस्ताक्षर होंगे, जिससे 2 लाख 6 हजार से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

जिला कलक्टर ने गुरुवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों का जायजा लिया एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये। इस दौरान उन्होंने बताया कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू जिले अपनी अहम भागीदारी निभाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

डॉ सोनी ने बताया कि राइजिंग राजस्थान के तहत जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू जिले में जेम्स एंड ज्वैलरी, मेडिकल, स्पोर्ट्स, गारमेंट, वेयरहाउस, ई-वेस्ट, केबल, रीयल एस्टेट, ऑयल रिफायनरी एवं टेक्सटाइल सहित अन्य प्रमुख क्षेत्रों के निवेशकों ने नए उद्योगों की स्थापना एवं औद्योगिक विस्तार में अपनी रुचि दिखाई है। जिले में मुख्य रूप से जैम्स बूर्स ने 11 हजार करोड़, गो अभ्यारण के लिए 3 हजार करोड़, ऑयल रिफाइनरी के लिए 1 हजार 500 करोड़, एवीए इडिबल ऑयल द्वारा 1 हजार 200 करोड़, क्रेडाई ने 1 हजार करोड़, मंगलम समूह ने औद्योगिक पार्क के लिए 1 हजार करोड़ के एमओयू पर सहमति जाहिर की है।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन, अधिक से अधिक निवेश आकर्षित करने एवं ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर सृजित के लिए उद्यमियों, निवेशकों एवं 34 औद्योगिक संगठनों के साथ बैठक कर निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने का हर संभव प्रयास किया गया है।

जिला कलक्टर ने बताया कि राइजिंग राजस्थान के तहत जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू जिले में निवेश प्रोत्साहन, औद्योगिक विकास एवं रोजगार सृजन के लिए जिला प्रशासन ने निवेशकों, उद्यमियों एवं औद्योगिक समूहों से लगातार संपर्क किया है। जिला प्रशासन के सतत प्रयासों का ही नतीजा है कि विगत एक माह में जिला कलक्टर सहित अन्य अधिकारियों ने ना केवल निवेशकों, उद्यमियों एवं औद्योगिक समूहों के साथ बैठकों का आयोजन किया, बल्कि अप्रवासी राजस्थानी एवं स्थापित उद्योग जो अपने उद्यम विस्तार के इच्छुक हैं, उनसे भी संपर्क कर निवेश करारों पर सहमति बनाई है। डॉ. सोनी ने बताया कि निवेश के लिए भूमि हेतु समस्त उपखण्ड अधिकारियों को उपलब्ध भूमि की जानकारी देने के लिए पाबंद किया जा चुका है। साथ ही जिले में अधिक से अधिक निवेश प्रस्ताव एवं एमओयू सुनिश्चित करवाने के लिए महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, यूनिट हेड रीको के साथ-साथ अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को भी जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

उन्होंने बताया कि जिले में अधिक से अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए जिला प्रशासन को जेम्स एंड ज्वैलरी एसोसिएशन, एजीईएस, वुडन हेंडिक्राफ्ट एसोसिएशन, राजस्थान चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स, फोर्टी, क्रेडाई, लघु उद्योग भारती, सिडबी, विश्वकर्मा, कालाडेरा, बगरू, दूदू, 22 गोदाम, झोटवाड़ा, सीतापुरा, मानसरोवर, मालवीय नगर, सांगानेर, सरना डूंगर सहित अन्य प्रमुख निवेशकों एवं औद्योगिक संगठनों का सहयोग एवं समर्थन भी मिला है।

जयपुर में बच्चों में निमोनिया के केस बढ़ रहे

जयपुर। मौसम बदलने के साथ ही बच्चों में खांसी-जुकाम के साथ निमोनिया के केस बढ़ गए हैं। इसका असर जयपुर में जेके लोन हॉस्पिटल में देखने को मिल रहा है। यहां पीडियाट्रिक मेडिसिन डिपार्टमेंट की सभी यूनिट्स में बेड फुल हो गए हैं। हॉस्पिटल प्रशासन के मुताबिक यहां रोज 220 से ज्यादा बच्चे भर्ती हो रहे। इसमें 80 फीसदी से ज्यादा बच्चे सांस में तकलीफ, निमोनिया की शिकायत वाले हैं।

ब्यावर आगार के मुख्य प्रबंधक को दिया नोटिस

जयपुर। रोडवेज प्रबंधन ने ब्यावर आगार के मुख्य प्रबंधक को बसों के संचालन और यात्री भार में कमी, लाभ में कमी जैसे विभिन्न कार्यों में लापरवाही का दोषी पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए नोटिस दिया है। प्रबंध निदेशक राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि ब्यावर आगार के मुख्य प्रबंधक निरंजन शर्मा को आगार में उपलब्ध पूर्ण संसाधनों का उपयोग कर आगार के यात्री भार और लाभप्रदता में वृद्धि नहीं लाने का दोषी पाया गया। वहीं आगार में 15 वाहन स्पेयर खड़े पाए गए। मुख्यालय द्वारा ब्यावर आगार में परिचालकों की कमी की प्रतिपूर्ति भी की गई थी और पूर्व में स्वीकृत बस सारथियों की संख्या 27 में 20 सारथियों की वृद्धि कर कुल 47 बस सारथी स्वीकृत किए गए थे। इसके बावजूद 4 नवंबर 2024 तक 0.85 हजार की तुलना में मात्र 0.36 हजार किलोमीटर ही बसों का संचालन किया गया जो लक्ष्य की तुलना में 0.49 हजार यानि 57.33 प्रतिशत कम है। मुख्य प्रबंधक की इस लापरवाही से निगम को राजस्व की भारी क्षति उठानी पड़ी।

सुविधा

पीएम कुसुम योजना में सोलर प्लांट स्थापित करने की राह हुई आसान, एसओपी जारी

कुसुम-सी में 10 मेगावाट के तीन और नए सोलर प्लांट स्थापित, 918 कृषि उपभोक्ताओं को अब सुलभ हुई दिन में बिजली

नमस्ते राजस्थान

जयपुर। जयपुर डिस्कॉम के कोटपुतली तथा भिवाड़ी सर्किल में पीएम कुसुम योजना के कंपोनेंट-सी के तहत 10.09 मेगावाट क्षमता के तीन नए सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर दिए गए हैं। तीनों सोलर प्लांटों को समीपवर्ती 33/11 केवी सब स्टेशन से जोड़ दिया गया है। इन सोलर संयंत्रों के स्थापित होने से इन सब स्टेशनों से जुड़े 918 कृषि उपभोक्ताओं को कृषि कार्य के लिए अब दिन में बिजली उपलब्ध होने लगी है।

डिस्कॉम्स चेयरमैन एवं जयपुर विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक आरती डोगरा ने बताया कि भिवाड़ी सर्किल के पहल गांव में सोलर पावर जनरेटर मैसर्स सोलर 91 प्रोजेक्ट वन प्रा. लि. द्वारा 4.15 मेगावाट क्षमता के, हसपुर कलां में मैसर्स स्टॉकवेल अलवर वन प्रा. लि. द्वारा 2.85 मेगावाट क्षमता तथा कोटपुतली के हसनपुरा गांव में मैसर्स गुलाब सोलर पावर प्लांट प्रा. लि. द्वारा 3.09 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर दिए गए हैं।

डोगरा ने बताया कि प्रदेश में कुसुम-सी के तहत फीडर लेवल सोलराइजेशन के काम को गति दी जा रही है। इन तीन प्लांटों को मिलाकर जयपुर, अजमेर एवं जोधपुर डिस्कॉम क्षेत्र में अब तक कुल 39.46 मेगावाट क्षमता के 16 सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। जिनके माध्यम से ग्रिड से जुड़े 4,426 कृषि उपभोक्ताओं को खेती के लिए दिन में बिजली सुलभ होने लगी है।

एमडी डोगरा ने कुसुम योजना के कंपोनेंट ए एवं सी के तहत सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए डिस्कॉम स्तर पर आवेदनों के सुव्यवस्थित एवं त्वरित निस्तारण के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को मंजूरी दी है। इसके तहत सोलर पावर प्लांट से उत्पन्न होने वाली सौर ऊर्जा की निकासी के लिए 11 केवी एवं 33 केवी लाइन के अनुमोदन, प्लांट के लिए प्रस्तावित भूमि से एलटी, 11 केवी और 33 केवी लाइनों को स्थानांतरित करने, सीटी-पीटी सेट, एबीटी मीटर्स के निरीक्षण, डीसीआर मॉड्यूल के सत्यापन, सोलर प्लांट से ट्रांसफॉर्मर तथा 11 केवी एवं 33 केवी लाइनों के जोड़ने आदि प्रक्रियाओं के लिए विभिन्न स्तरों पर स्वीकृति प्रदान करने के लिए अभियंताओं के स्तर पर समय सीमा का निर्धारण किया गया है। डोगरा ने बीते दिनों डवलपरों, किसानों तथा अभियंताओं के साथ हुई संयुक्त बैठक में एसओपी तैयार करने के निर्देश दिए थे, ताकि सोलर संयंत्रों को स्थापित करने में जमीनी स्तर पर आ रही बाधाओं को दूर किया जा सके।

उल्लेखनीय है कि कंपोनेंट-सी के तहत जयपुर डिस्कॉम क्षेत्र में हाल ही में 207 मेगावाट तथा कंपोनेंट-ए के तहत तीनों डिस्कॉम्स क्षेत्र में 890 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। इससे पूर्व सितम्बर माह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पीएम कुसुम-सी योजना के तहत प्रदेश में 1501 मेगावाट क्षमता के 608 सोलर प्लांटों का एक साथ शिलान्यास किया था।

संक्षिप्त खबरें

हत्या के मामले में वांछित अपराधी धरा गया

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने इंद्रपुरी थाना क्षेत्र में हत्या के मामले में वांछित एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की शिनाख्त विक्रम के रूप में हुई है। वह साल 2022 से फरार था। आरोपी के बारे में पता लगाने का जिम्मा क्राइम ब्रांच को सौंपा गया था, ऐसे में क्राइम ब्रांच की टीम आरोपी की तलाश में जुटी थी कि इस बीच पुलिस को तकनीकी माध्यमों और मुखबिरों से सूचना मिली कि आरोपी उत्तराखंड के हल्द्वानी में छिपा हुआ है। क्राइम ब्रांच की टीम आरोपी को धर दबोचा।

मानव तस्करी मामले में वांछित महिला आरोपी धरी गई

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने मानव तस्करी के एक मामले में वांछित एक महिला आरोपी को झारखंड पुलिस के साथ मिलकर गिरफ्तार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आई महिला आरोपी की शिनाख्त पूनम मरांडी के रूप में हुई है। क्राइम ब्रांच के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पूनम मरांडी साल 2023 में जनवरी मानव तस्करी के मामले में वांछित थी जिसकी तलाश झारखंड पुलिस कर रही थी। ऐसे में झारखंड पुलिस को सूचना मिली थी आरोपी महिला दिल्ली के शकरपुर में है। क्राइम ब्रांच के साथ मिलकर आरोपी महिला को धर दबोचा।

लापता लड़की को पुलिस ने ढूढ निकाला

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशन के पास से करीब 13 साल की लापता एक नाबालिग लड़की को ढूढ निकाला है। बीते 30 अक्टूबर को नाबालिग लड़की के आर्दश नगर थाना क्षेत्र अपहरण होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने केस दर्ज कर लड़की के बारे में पता लगाने की जिम्मा क्राइम ब्रांच को सौंपा। पुलिस ने लड़की के बारे में पता लगाने के लिए कॉल डिटेल रिकॉर्ड के विश्लेषण सहित तकनीकी निगरानी का उपयोग किया। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशन के पास से उसे ढूढ निकाला। जांच में पता चला कि पढ़ाई में दिक्कतों का सामना कर रही लड़की अपने माता-पिता के दबाव के कारण घर से चली गई थी।

'विद्यार्थी दिवस' मनाया

नई दिल्ली। श्री अरबिंदो कॉलेज में सात नवम्बर को विद्यार्थी दिवस के रूप में मनाया गया। हिन्दी विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर (डॉ.) हंसराज सुमन ने कॉलेज में छात्रों के साथ बृहस्पतिवार को सादा समारोह में विद्यार्थी दिवस मनाया और हर वर्ष मनाने का प्रस्ताव पारित किया। हंसराज सुमन ने कहा, इस प्रस्ताव को केन्द्र सरकार के पास भेजा जाएगा। बता दें कि सात नवम्बर, 1900 को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का सतारा हाई स्कूल महाराष्ट्र में पहली कक्षा दाखिला हुआ था। इसी दिन वह पहली बार विद्यालय गए थे इसलिए इस दिन को देशभर में उनके विद्यालय में दाखिला लेने पर विद्यार्थी दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम में सुनील कुमार, कोमल, आदेश मंडल, अन्नू कुशवाहा, निशा, अभिषेक, अंकित यादव, मयंक यादव, आदित्य आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर कुछ छात्रों का कहना था कि भारत के आधुनिक चिंतक, विचारक व बहुजन नायकों को पाठ्यक्रमों के तहत पढ़ाया जाना चाहिए, ताकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत छात्र उन्हें जाने व उनसे प्रेरणा लेकर उसे जीवन में उतारें।

कार-स्कूटी की टक्कर में बच्चे की मौत

- घायल पिता का चल रहा इलाज
- बुधवार देर रात की घटना

नई दिल्ली (एसएनबी)। उत्तरी जिला के रूप नगर थाना अंतर्गत शक्ति नगर इलाके में पेट्रोल पंप के पास बुधवार देर रात एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार पिता और पुत्र को जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे आठ वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त अभिनव (8) के रूप में हुई है। घायल पिता संजय का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

बताया जा रहा है कि संजय अपने बेटे अभिनव के साथ शक्ति नगर मार्केट जा रहे थे, वहां से उन्हें कुछ सामान खरीदना था, सामान खरीदने के बाद जब वह लौट रहे थे तभी पेट्रोल पंप के पास से आ रही एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। संजय जमीन पर गिर पड़े। उनके हाथ में भी गंभीर चोट आई,। अभिनव के सिर में चोट लगी, सिर से बहता खून देखकर संजय घबरा गये, आसपास के लोगों की मदद से बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन खून ज्यादा बहने के कारण उसकी मौत हो गई। लोगों में गुस्सा इस बात को लेकर है कि कई घंटे बीतने के बाद भी अभी तक पुलिस के हाथ खाली ही है और कुछ लोगों ने रूपनगर थाने के बाहर प्रदर्शन भी किया, जिन्हें पुलिस के आलाधिकारियों ने समझा बुझाकर शांत कराया। फिलहाल पुलिस मुकदमा दर्ज कर पूरे मामले की तफ्तीश कर रही है।

प्रेमी की पत्नी की हत्यारोपी अभिनेत्री को नहीं मिली जमानत

- अभिनेत्री एंजेल गुप्ता फरार होने के साथ गवाहों को कर सकती है प्रभावित

नई दिल्ली (एसएनबी)। दिल्ली हाईकोर्ट ने अपने कथित प्रेमी की पत्नी की हत्या में शामिल होने की आरोपी अभिनेत्री को जमानत देने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि उस पर एक सुनियोजित तरीके से अपराध करने का आरोप है, जिसके लिए पेशेवरों को काम पर रखा गया था। उन्होंने यह कहते हुए 32 वर्षीय अभिनेत्री एंजेल गुप्ता की जमानत याचिका खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति ने कहा कि वह एक पेशेवर अभिनेत्री है। वह फरार होने और गवाहों को प्रभावित करने की स्थिति में है। मौजूदा मामला एक सुनियोजित हत्या का है, जिसमें जघन्य अपराध करने के लिए पेशेवरों को काम पर रखा गया है। अगर याचिकाकर्ता दोषी पाई जाती है तो उसे आजीवन कारावास या मौत की सजा भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि अपराध की गंभीरता और उसके पिता के जमानत पर रिहा होने के बाद फरार होने के तथ्य को देखते हुए उसके न्याय से भागने की संभावना अधिक है। वैसे मुकदमा खत्म होने वाला है, लेकिन गुप्ता को जमानत नहीं दी जा सकती है। कोर्ट ने इसके साथ ही निचली अदालत को निर्देश दिया कि वह मुकदमे की सुनवाई पांच महीने में पूरी करे। अभियोजन पक्ष के अनुसार घटना अक्टूबर 2018 की है, जब 38 वर्षीय पीड़िता सुनीता की बवाना में स्कूटी पर यात्रा करते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पीड़िता के पति मंजीत गुप्ता और अभिनेत्री के पिता सहित कई को गिरफ्तार किया गया। आरोप के अनुसार मंजीत कथित तौर पर अभिनेत्री के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में था।

नकली घी बनाने की फैक्टरी का पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार

- नामी ब्रांडों के नाम पर बना रहे थे नकली देसी घी
- हरियाणा के जिंद में चल रही थी फैक्टरी

क्राइम ब्रांच के छापे में बरामद नकली घी और पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। फोटो : एसएनबी

CRIME BRANCH
DELHI POLICE
(AGS)
Desi Ghee

नई दिल्ली (एसएनबी)। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने हरियाणा के जींद में प्रमुख ब्रांडों के नाम पर नकली देसी घी बनाने की फैक्टरी का पर्दाफाश करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। यह फैक्टरी हरियाणा के जींद में चल रही थी।

पुलिस ने फैक्टरी में नकली घी बनाने में इस्तेमाल किये जाने वाला डालडा घी और रिफाइंड तेल सहित कच्चा माल, पैकिंग सामग्री, पैकिंग मशीन, वजन मशीन और अप्रयुक्त पैकेट जब्त किए गए।

डीसीपी सतीश कुमार ने बताया कि पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपियों की शिनाख्त रितिक खंडेलवाल,संजय बंसल, रोहित अग्रवाल, कृष्ण गोयल, अश्वनी उर्फ आशु के रूप में हुई है। हरियाणा के जींद में भंडारण और आपूर्ति के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले एक गोदाम को भी जब्त किया गया, जिसमें अमूल, वेरका, नेस्ले एवरी डे, मधुसूदन, आनंद, परम, मदर डेयरी, मिल्कफूड, पतंजलि, सरस, मधु, श्वेता और लक्ष्य जैसी प्रमुख कंपनियों के ब्रांडों के पैक किए गए उत्पादों की एक खेप थी, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है।

डीसीपी ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम को काफी समय से शिकायत मिल रही थी प्रमुख कंपनियों के नाम पैकिंग कर नकली देसी घी बाजार में बेचा जा रहा है। ऐसे में क्राइम ब्रांच ने हरियाणा के जींद चल रही नकली घी बनाने की फैक्टरी का पर्दाफाश करते हुए पांच लोगों को धर दबोचा। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने नकली 'ईनो' के 23,328 पाउच के अलावा 240 लीटर नकली घी बरामद किया है।

दुनियाभर के दंत चिकित्सकों का महाकुंभ

नई दिल्ली (एसएनबी)। राजधानी के द लीला एम्बियंस कन्वेंशन हाल में आयोजित छठे जीएएआईडी ग्लोबल अमेरिकन एकेडमी ऑफ इम्प्लांट डेंटिस्ट्री और 12वें वर्ल्ड कांग्रेस फॉर ओरल इम्प्लांटोलॉजी कांफ्रेंस की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन के चेयरमैन प्रो. महेश वर्मा और आयोजन सचिव डा. वृज सभरवाल ने इम्प्लांट डेंटिस्ट्री में हुई महत्वपूर्ण प्रगति व भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। इम्पलांट डेंटिस्ट्री की एक नई दिशा के बारे में प्रो. महेश वर्मा ने बताया कि डेंटल इम्प्लांट्स आधुनिक दंत चिकित्सा की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है, जिसने इस क्षेत्र को एक नई दिशा दी है। प्रो. वर्मा ने बताया कि यह सम्मेलन 2010 से आयोजित किया जा रहा है और यह अत्यंत सफल रहा है। इस बार लगभग विभिन्न देशों के 800-900 डॉक्टर प्रतिनिधि, 14 देशों से 45 मुख्य वक्ता और 65 भारतीय विशेषज्ञ व्याख्याता इस कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं।

मानसिक रूप से बीमार महिला से गैंगरेप मामले में तीन दबोचे

- आरोपियों की पहचान प्रभु महतो, प्रमोद उर्फ बाबू व मोहम्मद शमसुल के रूप में हुई
- एम्स में पीड़िता का हो रहा इलाज

नई दिल्ली (एसएनबी)। दिल्ली पुलिस ने सराय काले खां में मानसिक रूप से अस्वस्थ ओडिशा की एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि बीते 10 अक्टूबर को सामूहिक दुष्कर्म के बाद पीड़िता का एम्स में उपचार किया जा रहा है। वह अपने परिवार को बताए बिना नौ मई को दिल्ली आ गई थी जिसके बाद परिवार ने पुरी में उसकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी।

पुलिस के अनुसार, 11 अक्टूबर को सराय काले खां इलाके में एक महिला के खून से लथपथ पड़े होने की सूचना मिली थी। मामले में जानकारी देते हुए साउथ ईस्ट जिले के डीसीपी रवि कुमार सिंह ने बताया कि पुलिसकर्मी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे, जहां पीड़िता को बहुत बुरी स्थिति में पाया गया और उसे मेडिकल जांच तथा देखभाल के लिए एम्स के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर पीड़िता ने वहां मौजूद चिकित्सक को बताया कि तीन व्यक्तियों ने उसके साथ यौन उत्पीड़न किया है। डीसीपी ने बताया कि प्रारंभिक बयान के बाद पीड़िता अपने स्वास्थ्य संबंधी कारण से जांच में सहयोग नहीं कर सकी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस की कुल दस टीम गठित की गई और सात सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई। आरोपियों की पहचान प्रभु महतो, प्रमोद उर्फ बाबू तथा मोहम्मद शमसुल के रूप में हुई है।

डीसीपी के अनुसार, पूछताछ के दौरान प्रमोद ने बताया कि उसने 10 अक्टूबर को पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के पास एक महिला को बैठे देखा था। उसने महिला के मानसिक रूप से अस्वस्थ्य होने का फायदा उठाते हुए शारीरिक रूप से दिव्यांग भिखारी शमसुल के साथ मिलकर उसका यौन उत्पीड़न करने की साजिश रची। सिंह ने बताया कि वे उसे जबरन एक सुनसान इलाके में ले गए और अपराध को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि घटना को ऑटो चालक प्रभु महतो ने देखा था और उसने भी उस लड़की के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया। डीसीपी ने बताया कि इसके बाद महतो ने पीड़िता को सराय काले खां के पास फेंककर भाग गया। डीसीपी ने बताया कि पीड़िता ओडिशा की रहने वाली है और काफी पढ़ी-लिखी है।

टीटीई पुरस्कृत, सतर्कता अधिकारी बन बेटिकट यात्रा करने वाले को पकड़ा था

- दिल्ली-लखनऊ शताब्दी एक्सप्रेस में एक यात्री ने फर्जी दस्तावेज दिखाकर खुद को अधिकारी बताया था

नई दिल्ली (भाषा)। उत्तर मध्य रेलवे जोन ने एक टिकट निरीक्षक को पुरस्कृत किया है, जिन्होंने रेलवे बोर्ड का वरिष्ठ अधिकारी बताकर एक प्रमुख ट्रेन में कथित तौर पर बेटिकट यात्रा कर रहे एक यात्री के बारे में रेलवे पुलिस को सचेत किया था।

दिल्ली-लखनऊ शताब्दी एक्सप्रेस में ट्रेन निरीक्षक के पद पर तैनात दिवाकर तिवारी को हाल ही में एक्जीक्यूटिव क्लास में बेटिकट यात्रा कर रहे एक व्यक्ति का सामना करना पड़ा। यात्री ने खुद को रेलवे बोर्ड का सहायक सतर्कता अधिकारी बताया और कथित तौर पर पहचान पत्र, आधार कार्ड और यात्रा पास सहित फर्जी दस्तावेज दिखाए। तिवारी को संदेह हुआ और उन्होंने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया, जिन्होंने रेलवे बोर्ड से पुष्टि कर पता लगाया कि यात्री ट्रेन से मुफ्त में यात्रा करने के लिए नकली दस्तावेज लेकर आया था। उसे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल को सौंप दिया गया। तिवारी को पांच हजार रुपए का नकद पुरस्कार और प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया, 'यात्री के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है। तिवारी को इससे पहले भी उनके सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया जा चुका है, जब वह कानपुर में वाणिज्यिक निरीक्षक और ट्रेन टिकट निरीक्षक के पद पर तैनात थे।'

नोएडा हवाई अड्डे को स्वच्छ ऊर्जा की आपूर्ति करेगी टाटा पावर

- टाटा पावर करेगी 550 करोड़ रुपए का निवेश

नई दिल्ली (एसएनबी)। टाटा पावर नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनआईए) को स्वच्छ ऊर्जा की आपूर्ति के लिए सौर और पवन ऊर्जा की आपूर्ति करेगी। क्षमताओं को बढ़ाने से लेकर बुनियादी ढांचे के विकास के लिए कंपनी 550 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। कंपनी ने जारी बयान में यह जानकारी दी है।

टाटा पावर ने उत्तर प्रदेश में बन रही नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा परियोजना के साथ दो बिजली खरीद समझौते (पीपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। टाटा पावर की इकाई टाटा पावर ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड (टीपीटीसीएल) टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (टीपीआरईएल) के साथ हवाई अड्डे को 10.8 मेगावाट पवन ऊर्जा की आपूर्ति करेगी। साथ ही टीपीआरईएल हवाई अड्डे की समग्र ऊर्जा आवश्यकताओं में योगदान देने के लिए 13 मेगावाट की ऑन साइट सौर ऊर्जा क्षमता का विकास, संचालन और रखरखाव भी शामिल है। टाटा पावर के सीईओ और प्रबंध निदेशक प्रवीण सिन्हा ने बताया कि यह सहयोग शुद्ध शून्य हवाई अड्डा के विकास में सहायता करेगा। लाखों भारतीयों की जरूरतों को पूरा करेगा और देश को हरित भविष्य की ओर ले जाएगा। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण में एक हवाई पट्टी और एक टर्मिनल होगा, जिसकी क्षमता सालाना 1.2 करोड़ यात्रियों की आवाजाही को संभालने की होगी। पूरी तरह तैयार होने पर हवाई अड्डे की सालाना क्षमता सात करोड़ यात्रियों की होगी।

खाद व बीज की किल्लत पर 'आप' की आलोचना

नई दिल्ली (एसएनबी)। प्रदेश कांग्रेस समिति के वरिष्ठ प्रवक्ता और किसान नेता डॉ. नरेश कुमार ने राजधानी में किसानों को खाद, बीज और अन्य सामग्री की किल्लत पर दिल्ली की 'आप' सरकार की आलोचना की। उन्होंने बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री आतिशी और उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को इस मामले में पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने तत्काल किसानों के हितों के लिए कदम उठाने का आग्रह किया है। किसान नेता डॉ. नरेश कुमार ने जारी बयान में कहा है कि आगामी फसलों के सीजन में किसानों को खाद और बीज की कालाबाजारी का सामना करना पड़ रहा है। राजधानी में डीएपी खाद के एक कट्टे की कीमत 1650 है, जबकि हरियाणा में 1350 है। इसी तरह गेहूं बीज किसानों को हरियाणा में 1550 में मिलता है, जबकि दिल्ली में इसका रेट 1650 है। उन्होंने किसानों को उचित दर पर खाद और बीज उपलब्ध कराने के लिए दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल से तत्काल कदम उठाए जाने का आग्रह किया है।

सेबी ने म्यूचुअल फंड कर्मचारियों के लिए निवेश नियमों को आसान बनाने का रखा प्रस्ताव

- न्यूनतम अनिवार्य निवेश राशि को घटाया जा सकता 20 प्रतिशत

नई दिल्ली (भाषा)। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने म्यूचुअल फंड कंपनियों के नामित कर्मचारियों के लिए 'जोखिम एवं जिम्मेदारी के बीच संबंध' संबंधी नियम को आसान बनाने के लिए बृहस्पतिवार को कुछ प्रस्ताव रखे।

ये प्रस्ताव म्यूचुअल फंड कंपनियों के कर्मचारियों के लिए अनिवार्य निवेश प्रतिशत को कम करने, इसे वेतन श्रेणियों के आधार पर लागू करने और न्यूनतम निवेश गणना से ईएसओपी जैसे घटकों को बाहर करने से संबंधित हैं। इन प्रस्तावों का उद्देश्य खासकर कम वेतन वाले और परिचालन भूमिकाओं में कार्यरत कर्मचारियों के लिए नियम अनुपालन को आसान बनाना है। फिलहाल मुख्य कार्यपालक अधिकारी, मुख्य निवेश अधिकारी व कोष प्रबंधक जैसे पदों पर कार्यरत एमएफ कर्मचारियों को अपने वार्षिक वेतन एवं भत्तों का 20 प्रतिशत उन म्यूचुअल फंड में निवेश करना होता है जिनका वे प्रबंधन करते हैं। सेबी ने अपने परामर्श पत्र में कहा, न्यूनतम अनिवार्य निवेश राशि को 20 प्रतिशत से घटाया जा सकता है। कर्मचारियों के कुल वेतन के आधार पर स्लैब के हिसाब से इसे लागू किया जा सकता है। नियामक ने सुझाव दिया कि 25 लाख रुपए से कम आय वाले कर्मचारियों के लिए कोई अनिवार्य निवेश नहीं होगा जबकि 25-50 लाख रुपए के बीच वेतन वाले 10 प्रतिशत, 50 लाख रुपए-एक करोड़ रुपए वाले 14 प्रतिशत व एक करोड़ रुपए से अधिक वेतन वाले 18 प्रतिशत निवेश करेंगे।

एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे पर आज फैसला सुनाएगा न्यायालय

- एएमयू को अनुच्छेद 30 के तहत अल्पसंख्यक का दर्जा प्राप्त

(भाषा)। उच्चतम न्यायालय शुक्रवार को इस विवादास्पद कानूनी सवाल पर अपना फैसला सुनाएगा कि क्या अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) को संविधान के अनुच्छेद 30 के तहत अल्पसंख्यक का दर्जा प्राप्त है, जो धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यकों को शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने और उनके प्रशासन का अधिकार देता है।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात न्यायाधीशों की संविधान पीठ फैसला सुनाएगी। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा भी शामिल हैं। उन्होंने आठ दिन तक दलीलें सुनने के बाद एक फरवरी को इस सवाल पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। गत एक फरवरी को, एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे के जटिल मुद्दे पर शीर्ष अदालत ने कहा था कि एएमयू अधिनियम में 1981 का संशोधन, जिसने प्रभावी रूप से इसे अल्पसंख्यक दर्जा दिया, ने केवल 'आधे-अधूरे मन' से काम किया और संस्थान को 1951 से पहले की स्थिति में बहाल नहीं किया। एएमयू अधिनियम, 1920 अलीगढ में एक शिक्षण और आवासीय मुस्लिम विश्वविद्यालय की बात करता है, वहीं 1951 का संशोधन वि [illegible] मुस्लिम छात्रों के लिए अनिवार्य धार्मिक शिक्षा का समाप्त करने का प्रावधान करता है। इस संस्थान की स्थापना 1875 में सर सैयद अहमद खान के नेतृत्व में मुस्लिम समुदाय के सदस्यों द्वारा मोहम्मडन एंग्लो-ओरिएंटल कॉलेज के रूप में की गई थी। वर्षों बाद 1920 में, यह ब्रिटिश राज के तहत एक विश्वविद्यालय में तब्दील हो गया। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता जैसे अन्य लोगों ने तर्क दिया कि केंद्र से भारी धनराशि प्राप्त करने वाला और राष्ट्रीय महत्व का संस्थान घोषित होने वाला विश्वविद्यालय किसी विशेष धार्मिक संप्रदाय से संबंधित होने का दावा नहीं कर सकता।

एक सप्ताह के भीतर मुकदमा चलाने की दें मंजूरी

- नौकरी के बदले जमीन लेने का मामला

नई दिल्ली (एसएनबी)। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली की एक अदालत को बताया कि वह पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद से जुड़े नौकरी के बदले जमीन घोटाले से संबंधित मामले में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए प्राधिकारियों से अपेक्षित मंजूरी का इंतजार कर रही है। राऊज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने सक्षम प्राधिकारी को निर्देश दिया कि वह एक सप्ताह के भीतर मंजूरी दे। न्यायाधीश ने इसके साथ ही सीबीआई से 26 नवंबर तक मंजूरी पेश करने का निर्देश दिया और सुनवाई स्थगित कर दी। न्यायाधीश ने इसके अलावा एक आरोपी को आरोपमुक्त करने के मामले में सीबीआई से जवाब मांगा है।

सीबीआई ने अदालत को सूचित किया कि मामले में लगभग 30 आरोपी हैं, जिनके खिलाफ अभियोजन मंजूरी का इंतजार है। सीबीआई ने न्यायाधीश से 15 दिन का और समय मांगा, जिसके बाद अदालत ने प्रक्रिया में तेजी लाने को कहते हुए सुनवाई स्थगित कर दी।

मोहल्ला क्लीनिक फ्लॉप शो : विजेंद्र गुप्ता

- गीता कालोनी में मोहल्ला क्लीनिक का औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे नेता प्रतिपक्ष
- रोगियों के इलाज के लिए न तो दवाई थी और न ही [illegible] व्यवस्था

नई दिल्ली (एसएनबी)। प्रदेश भाजपा ने दिल्ली सरकार की जनहित की योजनाओं की समीक्षा शुरू कर दी है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बृहस्पतिवार को गीता कालोनी स्थित मोहल्ला क्लीनिक का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने दावा किया है कि निरीक्षण के दौरान मोहल्ला क्लीनिक में कोई भी सुविधा नहीं दिखी। रोगियों के इलाज के लिए न तो दवाई थी और न ही टेस्ट की कोई व्यवस्था थी। इस वजह से स्थानीय लोगों को इन मोहल्ला क्लीनिकों का कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। उनका कहना है कि कमोवेश यही स्थिति पूरी दिल्ली मोहल्ला क्लीनिकों की है।

गीता कालोनी मोहल्ला क्लीनिक पहुंचे नेता प्रतिपक्ष ने आसपास के लोगों से भी बात की। बाद में मीडिया से बात करते हुए कहा कि सरकार के मोहल्ला क्लीनिक केवल फ्लॉप शो बनकर रह गए हैं। चिकित्सा सुविधा के नाम पर केवल भ्रष्टाचार हो रहा है। अधिकांश मोहल्ला क्लीनिकों में डॉक्टर एवं दवाइयां उपलब्ध नहीं हैं। कई मोहल्ला क्लीनिकों में जरूरी उपकरण भी नहीं हैं। जिससे रोगियों को टेस्ट आदि का लाभ मिल सके। रोगियों को सलाह देने वाले कर्मचारी भी उपलब्ध नहीं हैं। क्लीनिकों में सामान्य सुविधा उपलब्ध नहीं होने की वजह से डॉक्टर सभी को रेफर कर देते हैं। इसके बाद लोग अस्पतालों के चक्कर काटते रहते हैं। उनका कहना है कि इस साल के शुरुआत में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने जांच की थी।

जांच रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में फरवरी से दिसम्बर तक (कुल 11 महीने) मोहल्ला क्लीनिकों में 22 लाख टेस्ट हुए और यह सभी टेस्ट आउट सोर्सिंग कंपनी से कराए गए। इसमें 65,000 टेस्ट फर्जी पाए गए। उनका कहना है कि बड़ी संख्या में मोहल्ला क्लीनिकों में ताले लटके हुए हैं। मोहल्ला क्लीनिकों में नियुक्त डॉक्टरों एवं स्टाफ का वेतन अपेक्षाकृत काफी अधिक है। इसकी पुष्टि स्वास्थ्य सचिव के मंत्री को लिखे गए पत्र से भी होती है। सचिव ने पत्र में सलाह दी है कि मोहल्ला क्लीनिकों में तैनात डॉक्टरों को रोगियों की संख्या के आधार पर भुगतान किया जाए।

जरीवाल को बताया रंगा सियार

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज तिवारी ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को रंगा सियार बताया है। कहा कि दिल्ली में अभी रंगा सियार घूम रहा है। मैं दिल्ली के लोगों को सुझाव देना चाहूंगा कि वह इस रंगे सियार से सतर्क रहें। आमतौर पर रंगे सियार शब्द का इस्तेमाल धोखेबाज व्यक्ति के लिए किया जाता है। मनोज तिवारी ने कहा कि केजरीवाल ने वादा किया था कि सत्ता में आने के बाद हम दिल्ली के लोगों को मुफ्त बिजली और पानी देंगे।

भाजपा का आरोप, निजी बिजली कंपनियों के साथ सरकार की साठगांठ

- लाइसेंस की अनदेखी के बाद भी कार्रवाई न होना रहस्यमय : प्रदेश अध्यक्ष
- रेगुलेटरी असैट का प्रस्ताव गलत : बांसुरी स्वराज
- भाजपा नेताओं का सुझाव घाटे वाली कंपनियां वापस करें लाइसेंस

नई दिल्ली (एसएनबी)। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बिजली आपूर्ति कंपनियों एवं दिल्ली सरकार के बीच सा1झ ठगांठ का आरोप लगाते हुए कहा है कि यह एक बड़ा घोटाला है। दिल्ली में ऐसी स्थिति बन गयी है कि बिजली कंपनियों के सामने दरें बढ़ाने के अलावा दूसरा विकल्प नहीं रह गया है। अध्यक्ष ने तीनों निजी बिजली कंपनियों का नाम लेते हुए कहा है कि समान व्यवस्था में काम करने वाली इन कंपनियों में दो कंपनियां लगातार घाटा दिखा रही हैं जबकि तीसरी बिजली आपूर्ति कंपनी (टीपीडीडीएल) लगातार फायदे में चल रही है और अपने लाभांस का एक हिस्सा सरकार को भी दे रही है। उन्होंने सवाल किया है कि आखिर यह बिजली कंपनियां खुद को घाटे में क्यों चला रही हैं और सरकार उनका लाइसेंस रद्द करने से क्यों परहेज कर रही है।

संवाददाता सम्मेलन में सांसद बांसुरी स्वराज ने तकनीकी कारण गिनाते हुए कहा है कि यह घाटा बढ़कर करीब 26000 करोड़ पहुंच गया है। उन्होंने यह भी कहा, कंपनियां बिजली खरीदने वाली कंपनियों को भी नियमित भुगतान नहीं कर रही हैं। इसके बाद भी सरकार की चुप्पी रहस्यमय दिखती है। इसकी जांच होनी चाहिए। इस मौके पर अधिवक्ता तरवेज मालावत एवं प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर भी थे।

प्रदेश अध्यक्ष के मुताबिक घाटा दिखाने वाली दोनों कंपनियां बीएसईएस की हैं। उनका आरोप है कि बिजली कंपनियों की सरकार के साथ सांठगांठ ने उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ा दी है। तर्कों के साथ बात करते हुए उनका कहना था कि यह तीनों कंपनियां साथ-साथ समान दरों पर समान कंपनियों यानी एनटीपीसी, एनएचपीसी, सशान, इंद्रप्रस्थ एवं प्रगति पावर से बिजली खरीदती हैं और ट्रांसको की लाइनों से आपूर्ति होती है। टीपीडीडीएल बिजली खरीद के एवज में पूरा भुगतान करती है। जबकि उपरोक्त दोनों कंपनियां बिजली खरीद का आधा-अधूरा ही भुगतान करती हैं। इसके बावजूद घाटा दिखाना समझ से परे हैं। ऐसी स्थिति में सरकार एवं दोनों बिजली कंपनियों के प्रबंधन कर संदेह करना बाजिब है। उनका आरोप है कि यह दोनों कंपनियां लाइसेंस की अवहेलना कर रही हैं। इसके बावजूद सरकार की चुप्पी से रहस्य गहराता जा रहा है। सचदेवा ने उड़ीसा राज्य का एक उदाहरण देते हुए कहा है कि बिजली कंपनियों को लाइसेंस वापस कर देना चाहिए।

बांसुरी स्वराज ने दावा किया है कि उपरोक्त दोनों कंपनियां बिजली आपूर्ति के साथ ही बिजली खरीद में भी घाटा दिखाती हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि घाटा दिखाने वाली कंपनियां रेगुलेटरी असैट की मांग को लेकर न्यायालय चली गयी हैं। कंपनियों ने रेगुलेटरी असैट 21000 करोड़ से अधिक का दिखाया है। दिल्ली सरकार इन बिजली कंपनियों के प्रस्ताव को स्वीकार करती है, तो इसके गंभीर परिणाम होंगे और इसका खमियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ेगा। उनका यह भी आरोप है कि कंपनियों के इस रुख से साफ पता चलता है कि सरकार भी इसमें मिली हुई है। यही वजह है कि उपरोक्त कंपनियों ने खुद को दिवालिया होने के कगार में लाकर खड़ा कर दिया है। उनकी मांग है कि उपरोक्त बिजली कंपनियों के खातों की सीएजी एवं न्यायिक जांच होनी चाहिए।

चिंतन

ट्रंप काल में भू-राजनीतिक परिदृश्य में दिखेगा बदलाव

अमेरिका में व्यवसायी से राजनेता बने डोनाल्ड ट्रंप की ऐतिहासिक जीत को दुनिया अपने-अपने नजरिये से देख रही है। एक सदी में ट्रंप अमेरिका के पहले ऐसा नेता होंगे, जिन्होंने एक कार्यकाल के बाद हारने के बाद दुबारा से राष्ट्रपति कैंडिडेचर भी हासिल की और जीत कर इतिहास भी रचा। रिपब्लिकन पार्टी के इतिहास में यह विरल परिघटना है। डेमोक्रेट राष्ट्रपति जो बाइडन के कमजोर शासन, अमेरिकी अर्थव्यवस्था की खराब स्थिति, बाइडन सरकार की उदार नीतियों की वजह से वैश्विक संघर्ष का अमेरिकी खजाने पर बढ़ता बोझ आदि अनेक कारक हैं, जिसके चलते डेमोक्रेट प्रत्याशी भारतीय मूल की कमला हैरिस इतिहास नहीं रच सकीं। ट्रंप जब दूसरी बार 47वें राष्ट्रपति के तौर पर अमेरिका की कमान संभालेंगे, तो निश्चित ही अमेरिका के साथ-साथ दुनिया का भू-राजनीतिक परिदृश्य भी बदलेगा। जनवरी 2025 में व्हाइट हाउस में डोनाल्ड ट्रंप की वापसी के अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों के अलावा अमेरिका के विरोधियों के लिए भी विशेष मायने हैं। अब वे पहले से अधिक अनुभवी हैं और वैश्विक स्तर पर कई वादे भी कर रखे हैं। अमेरिका फर्स्ट उनकी नीति के केंद्र में होगी। अर्थव्यवस्था सुधारना चुनौती होगा। उन्होंने रूस व यूक्रेन जंग खत्म कराने का वादा किया है, वे रूस व यूक्रेन जंग खत्म कराने की कोशिश करेंगे, ताकि अमेरिका पर पड़ रहे आर्थिक बोझ को कम किया जा सके। ट्रंप कीव और मॉस्को को युद्ध विराम के लिए मजबूर करने का प्रयास करेंगे। यह भी संभावना है कि ट्रंप भविष्य में यूक्रेन को उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नेटो) का सदस्य बनने से रोकने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मांगों को स्वीकार कर लेंगे। इसी तरह वे इजराइल के हमास व हिज्बुल्ला से जारी जंग में भी इजराइल की मदद की समीक्षा कर सकते हैं। पश्चिम एशिया में ट्रंप पहले भी इजराइल और सऊदी अरब के कट्टर समर्थक रहे हैं। उनके, ईरान के खिलाफ और भी सख्त रुख अपनाने की संभावना है, जो इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मौजूदा प्राथमिकताओं के साथ मेल खाता है। ट्रंप का राष्ट्रपति चुना जाना नेतन्याहू को कार्रवाई करने के लिए प्रोत्साहित करेगा, और यह बदले में पुतिन के प्रति ट्रंप की स्थिति को भी मजबूत करेगा, जो यूक्रेन में अपने युद्ध के लिए ईरानी समर्थन पर निर्भर हो गए हैं। ट्रंपकाल में चीन के साथ अमेरिका का संबंध बदलेगा। हालांकि, बाइडन प्रशासन ने ट्रंप द्वारा अपने पहले कार्यकाल में अपनाई गई कई नीतियों को जारी रखा है, तो अपने नए कार्यकाल में ट्रंप प्रशासन चीन के प्रति पहले कार्यकाल से और कठोर रुख अपना सकता है। अमेरिकी गलती से ही रूस व चीन की इतनी नजदीकी बढ़ी है, ट्रंप इसे अलग तरीके से डील कर सकते हैं। ट्रंप के चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ व्यावहारिक, लेन-देन संबंधी सौदों के लिए खुले रहेंगे। क्लाइमेट करार पर ट्रंप पुराने रुख पर लौट सकते हैं, अंतरराष्ट्रीय बिरादरी को अमेरिकी मदद में कटौती कर सकते हैं। पाकिस्तान के प्रति तेवर तीखे रह सकते हैं। बांग्लादेश में शेख हसीना की मदद हो सकती है। भारत के साथ अमेरिकी संबंध और प्रगाढ़ होंगे व वैश्विक स्तर पर भारत की सक्रियता और बढ़ सकती है। भारत व अमेरिका ग्लोबल ऑर्डर में फ्रंट फुट पर खेल सकते हैं। देखने वाली बात होगी कि भारत सरकार इस स्थिति का कितना सामारिक व व्यापारिक फायदा उठा पाती है। विश्व के छोटे देशों को अमेरिकी सुरक्षा गारंटी के मामले में ट्रंप पहले कार्यकाल में उदासीन रहे, नए कार्यकाल में उनके रुख का इंतजार रहेगा।

आजीवन सेवा व सादगी की प्रतिमूर्ति रहे श्रीगोपाल व्यास जी

श्रद्धांजलि

डॉ. रमन सिंह

श्री गोपाल व्यास जी, एक ऐसा नाम है जिन्हें केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि सामाजिक और सेवा क्षेत्र से जुड़ा देश का हर व्यक्ति परिचित है। 15 फरवरी 1932 को श्री पूनमचंद व्यास और श्रीमती जेठाबाई व्यास के घर पुत्र रत्न के रूप मेंश्री गोपाल व्यास जी का जन्म हुआ। बचपन से ही प्रतिभावान श्री गोपाल व्यास जी के भीतरराष्ट्र के प्रति अद्भुत समर्पण था और वह लोकसेवा के लिए सदैव तत्पर रहते थे।

श्री गोपाल व्यास जी ने जबलपुर के इंजीनियरिंग कॉलेज से अपनी इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की। उनके मन में जितनी लगन इंजीनियरिंग के प्रति थी, उतनी ही प्रबल भावना मातृभूमि की सेवा के प्रति भी व्यास जी के भीतर समाहित थी। यह वही समय था जब गोपाल जी ने मां भारती की सेवा के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मार्ग चुना और वह श्री के एस सुदर्शन जी के संपर्क में आए।

संघ के संस्कार और सुदर्शन जी का मार्गदर्शन मिलने से युवा अवस्था के श्री गोपाल व्यास जी के व्यक्तित्व में मातृभूमि के प्रति जो सेवा का भाव था, वह और प्रगाढ़ होता चला गया। सामाजिक कार्यों और शिक्षा अर्जन करते हुए जब कुछ समय बीता और इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी हुई तब गोपाल व्यास जी ने भिलाई स्टील प्लांट में नौकरी की। जीवन की व्यस्तता बढ़नेके बाद भी उन्होंने राष्ट्र के प्रति सेवा और सामाजिक कल्याण की भावना कात्यागनहीं किया।

श्री गोपाल व्यास जी के भीतर मां भारती की सेवा और छत्तीसगढ़ के लोककल्याण की भावना इस प्रकार निहित थी कि जब उन्हें ऐसा प्रतीत हुआ कि उनकी नौकरी की वजह से वह समाज को समय नहीं दे पा रहे हैं, तब उन्होंने भिलाई स्टील प्लांट की नौकरी से त्यागपत्र देकर पूर्ण रूप से स्वयं को समाज के प्रति समर्पित कर दिया।

गोपाल व्यास जी निरंतर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क में रहे और उन्होंने प्रचारक जीवन प्रारंभ किया क्षेत्र कार्यवाह और क्षेत्र प्रचारक (मध्य क्षेत्र) जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का उन्होंने पूरी निष्ठा के साथ निर्वाहन किया और विश्व हिंदू परिषद विदेश संपर्क का भी दायित्व उन्हें प्राप्त हुआ। जिसका श्री गोपाल व्यास जी ने सच्ची श्रद्धा और लगन केसाथ निर्वाहन किया। यह वही समय था जब आपातकाल की विरुद्ध संघर्ष करते हुए श्री गोपाल व्यास जी1975 से 1977 तक रायपुर की जेल में बंद रहे और यहीं से श्री गोपाल व्यास जी संगठन के कार्यकर्ताओं के बीच "शीरू भईया" बनकर लोकप्रिय हो गए।

मुझे भी हमारे शीरू भईया (श्री गोपाल व्यास जी) के साथ एक लंबा वक्त बिताने का अवसर मिला,वर्ष 2003 में प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तब मुझेमुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी मिली थी। उस दौर का मुझे शीरू भईया के साथ यात्रा का एक संस्मरण स्मृति में आता है कि हम किसी अन्य राज्य से दौरा पूरा करके राजधानी रायपुर लौटे थे तब शीरू भईया भी हमारे साथ थे। हवाई जहाज से उतरकर एयरपोर्ट से बाहर जाते हुए मैंने अचानक ही उनसे कह दिया कि "हम आपके घर चलेंगे उन्होंने बड़ी ही प्रसन्नता से कहा कि आप घर आइये मैं तैयारी करके रखता हूं"। मैंनेशीरू भईया से कहा कि तैयारी जैसी किसी भी चीज की आवश्यकता नहीं है हम साथ ही चले चलते हैं, इस पर उन्होंने कहा कि "आप मुख्यमंत्री हैं आपको एयरपोर्ट से बाहर निकलते हुए मीडिया के सवालों का जवाब देना होगा, जिसमें कुछ समय बीत जाएगा तब तक मैं घर पहुंचकर सारी व्यवस्था देख लूंगा" उन्होंने इतना कहा और एयरपोर्ट से ही ऑटो में बैठकर अपने घर के लिए निकल गए।



राजधानी में जब मुख्यमंत्री का काफिला गुजरता है तब पुलिस और प्रशासन को ट्रैफिक की एक व्यवस्था निर्मित करनी होती है और कुछ मार्गों पर आवागमन थोड़ी देर के लिए रोक दिया जाता है। जब शीरू भईया एयरपोर्ट से निकले उसकी कुछ ही देर में मुझे भी निकलना था, संयोग ऐसा बना कि जिस मार्ग से वह अपने घर जा रहे थे, उसी मार्ग से मैं भी उनके घर जा रहा था और ट्रैफिक व्यवस्था में लगे पुलिसकर्मियों ने उसे मार्ग पर आवागमन रोक दिया, जिस मार्ग में उनका ऑटो था।

शीरू भईया इतने सरल और सादगी से भरे व्यक्तित्व थे कि उन्होंने केवल एक बार व्यवस्था में लगे पुलिसकर्मी से इतना ही कहा कि "मुख्यमंत्री मेरे ही घर जा रहे हैं, भाई मुझे तो जाने दो" लेकिन जब ट्रैफिक पुलिस ने उनकी बात नहीं मानी तब वह शांतिपूर्वक अपने ऑटो में ही बैठे रहे और जब मैं उनके निवास पहुंचा तब यह पता चला कि वह तो अभी तक घर पहुंचे ही नहीं है तब वायरलेस के माध्यम से पुलिस को यह सूचना दी गई और उनका ऑटो ट्रैफिक से निकलकर उनके घर पहुंचा।

यह संस्मरण में जब भी याद करता हूं तब मुझे शीरू भईया की सादगी और उनकी सरलता आंखों के सामने दिखाई पड़ जाती है, उन्होंने कभी भी सत्ता को शक्ति नहीं बल्कि सेवा का मार्ग समझा। उनका मानना था कि हमें अपना जीवन सीमित संसाधनों में व्यतीत करना चाहिए और कभी भी सत्ता या अधिकारों से प्राप्त ताकत का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए।

वह एक लंबे अरसे तक स्कूटर पर ही चला करते थे, 2006 से 2012 तक जब वह राज्यसभा सदस्य भी बन गए और उन्हें महासमुंद लोकसभा की जिम्मेदारी दी गई तब भी वह बस के माध्यम से महासमुंद पहुंच जाया करते जबकि प्रशासन द्वारा उनके लिए गाड़ी की व्यवस्था की जा सकती थी। शीरू भईया राज्यसभा सदस्य रहते हुए न केवल अपनी सांसद निधि का लोककल्याण के लिए बेहतर उपयोग करते थे बल्कि जब भी आवश्यकता होती तब वह अपनी तनख्वाह को भी सामाजिक कार्यों में समर्पित कर देते थे।

हम सभी ने प्राचीन काल के ऋषि मुनियों और संतों की कहानी सुनी है जो दूर जंगल में निवास करते हुए लोक कल्याण के लिए कार्य करते थे और वापस अपने उस छोटे से आश्रम में लौट जाया करते थे। शीरू भईया के पास कोई आश्रम तो नहीं था लेकिन टाटीबंध में भारत माता स्कूल के निकट उनका एक पुराना और छोटा सा मकान जरूर था। उस मकान में शीरू भईया जिस पलंग पर सोते थे, उस आधे पलंग पर उनकी किताबें रखी रहती थी। उन्होंने आजीवन किताबों का साथ नहीं छोड़ा वह शिक्षा के प्रबल पक्षधर थे, उनका यह मानना था कि हमें सदैव सीखने पर जोर देना चाहिए, नए विचारों को सुनना चाहिए और यदि परमात्मा ने हमें सक्षम बनाया है तब हमें स्वयं को समाज की सेवा में समर्पित करना चाहिए।

उस छोटे से पुराने मकान में जब कार्यकर्ता उनसे मिलने आते तब सभी उनसे यही आग्रह करते कि आप नया मकान क्यों नहीं ले लेते हैं? इस सवाल पर शीरू भईया एक मुस्कुराहट के साथ जवाब देते थे कि जीवन व्यतीत करने के लिए जितनी जगह चाहिए वह इस घर में पर्याप्त है। इसके बाद सभी कार्यकर्ताओं ने बड़ी जिद के साथ उन्हें इस बात के लिए राजी किया कि वह पुराना मकान छोड़कर नये मकान में चलें।अंततः सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर उस पुराने मकान को विक्रय किया और विधायक कॉलोनी स्थित शीरू भईया के निवास स्थान पर उन्हें गृहप्रवेश करवाया।

श्री गोपाल व्यास जी का भारतीय जनता पार्टी के विचारों के प्रति पूरा विश्वास था संगठन के लिए अपने अंतिम समय तक वह निरंतर सक्रिय रहे।बीते दिनों जब भारतीय जनता पार्टी ने सदस्यता अभियान चलाया तब स्वयं बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा रायपुर पहुंचे थे और गोपाल व्यास जी को बीजेपी का सदस्य बनाया था।वह केवल एक औपचारिक सदस्य नहीं थे बल्कि अस्वस्थ होने से पहले तक जब भी संगठन से जुड़ा कोई व्यक्ति उनके पास पहुंचता तब हमारे शीरू भईया उनका मार्गदर्शन करते और संगठन के प्रति विश्वास रखकर निरंतर जन सेवा के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को प्रेरित करते थे।

अपनी सादगी,अपनी सरलता, अपने विचार और आदर्शों पर अडिग रहे श्री गोपाल व्यास जी (शीरू भईया) एक ऐसे आदर्श पुरुष के समान है जो छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के लिए सेवा और समर्पण का पर्याय है। ऐसे व्यक्तित्व का देहावसान सामाजिक क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है जोकि कभी भी पूरी नहीं की जा सकती। शीरू भईयाके साथ व्यतीत किये समय को जब मैं स्मरण करता हूं तब उनके विचार मुझे आज भी प्रेरित करते हैं, उनका इस प्रकार जाना मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है। मैं ईश्वर से यही कामना करता हूं कि वह हमारे शीरू भैया को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें और उनके विचारों से प्रेरित होकर नई पीढ़ी सामाजिक सेवा, लोककल्याण के महत्व को समझकर बेहतर समाज और बेहतर भविष्य की दिशा में आगे बढ़ पाए।

-लेखक अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधानसभा हैं।

स्मृति शेष

डॉ. रमेश ठाकुर

शारदा सिन्हा ने ठुकरा दिए थे तमाम सियासी ऑफर

पहिले-पहिले करेनी छठ, मईया बरस तोहार, करिह क्षमा हे छठी मईया भूलचूक हमार...। संपूर्ण मैथिली-भोजपुरी समाज के अलावा समूचे संसार के लिए शारदा सिन्हा का विसर्जन गहरा आघात है। उनके बगैर भविष्य में कैसे होगी 'छठ पूजा', ऐसी कल्पना मात्र से लोग अभी से परेशान हैं। पूर्वांचल की बगिया से कोयल के उड़ जाने जैसा है स्वर कोकिला शारदा सिन्हा का नश्वर दुनिया को अलविदा कह देना। दिल्ली से लेकर मुंबई, मॉरीशस, अमेरिका, लंदन और जहां-जहां पूर्वांचली समुदाय के लोग रहते हैं, उन छठ घाटों पर अगर शारदा सिन्हा के गाने न बजे, तो वह सूने लगते थे। बीच छठ में शारदा सिन्हा के चले जाना भी सभी को अखर रहा है। दरअसल उनकी आवाज इस महापर्व को सजीव किया करती थी। शारदा सिन्हा न सिर्फ भोजपुरी समाज में, बल्कि समूची संगीत बिरादरी की अमूल्य धरोहर थीं। जब लीन होकर पूरे मदहोश में वह गाती थी तो ऐसा लगता था कि उनके कंठ में स्वयं सरस्वती बैठी हुई हैं। जाते वक्त भी वे अपने भीतर दैवीय शक्ति होने का एहसास करा गईं। छठ में उनका जाना इस बात का सीधा-सीधा संकेत देता है? देशी और पारंपरिक लोक संस्कृति की मूर्ति शारदा सिन्हा सदैव लोगों के दिलों में रची-बसी रहेंगी। 5 नवंबर की देर रात जब भोजपुरी कोकिला शारदा सिन्हा के न रहने की खबर आई, तो संसार चलते-चलते अचानक से ठहर गया। संगीत की दुनिया में शारदा का न रहना, 'कोयल बिना ना सोहे बगिया', जैसा माना जाएगा।

शारदा सिन्हा बड़ा खुशहाल और बाइज्जत जीवन जीके गईं हैं। उनका इस धरती पर अवतरण होना भी दैवीय चमत्कार जैसा ही रहा। आठ भाईयों के बाद वह जन्मीं। घर में सबकी लाडली-दुलारी हुआ करती थीं। माता-पिता ने बड़ी मन्नतें की थी कि उनके घर में किसी लक्ष्मी का आगमन हो? शारदा सिन्हा के रूप में उनकी इच्छा पूरी हुई। जन्म 1 अक्टूबर 1952 को हुआ था। जन्म के दो वर्ष के भीतर ही उन्होंने गाना गुनगुनाना आरंभ कर दिया था। 15 वर्ष में उनकी खनकती आवाज के लोग दीवाने हो गए थे। जब उनकी शादी हुई, तो सास को कतई पसंद नहीं था कि उनकी बहू गाना गाए। भारी विरोध के बाद भी उन्होंने अपना गायन यथावत रखा। जब देश-विदेश से प्रशंसाएं मिलने लगी, तो सास ने भी कह दिया, बहू तुम अच्छा गाती हो, गाती रहो। शारदा के पति ब्रज किशोर सिन्हा का निधन भी इसी वर्ष हुआ। उनके जाने के बाद से वह पूरी तरह टूट गई थीं। नई दिल्ली स्थित एम्स अस्पताल में मंगलवार देर रात जब उनके न रहने की खबर टीवी के जरिए उनके असंख्य प्रशंसकों ने सुनी, तो उनकी आंखें नम हो गईं। निधन के एक दिन पहले ही खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके बेटे अंशुमान सिन्हा को फोन करके स्वास्थ्य की जानकारी ली थी। अब, न रहने की खबर ने उन्हें भी दुखी कर दिया है। राष्ट्रपति से लेकर विपक्षी नेता राहुल गांधी, अखिलेश यादव, उद्धव ठाकरे समेत देशभर के तमाम नेताओं ने दुख प्रकट किया है। दरअसल वो थी ही सभी की चहेती। अस्सी-नब्बे दशक का वह दौर, जब उनके भजन और फिल्मी गानों का बोलबाला था। सलमान खान और भाग्यश्री अभिनीत फिल्म 'मैंने प्यार किया' में गाया गाना ....'कहे तोसे ये तोहरी सजनिया' ....इतना फेमस हुआ कि उन्हें रातोंरात बड़ा फिल्मी सिंगर बना दिया, उसके बाद तो फिल्मी गानों की डिमांड एकाएक बढ़ गई। शारदा सिन्हा को राजनीति के ऑफर भी बहुतेरे मिले। शायद ही कोई ऐसा छोटा-बड़ा सियासी दल हो, जिसने उनको अपने यहां आने का निमत्रंण न दिया हो? लेकिन शारदा सभी ऑफरों को सहश्र ठुकराती गईं। कई मर्तबा उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा भी कि उन्हें राजनीति बिल्कुल पसंद नहीं? समाज ने उन्हें छठ कोकिला की उपाधि दे रखी थी जिसे वह सबसे बड़ा सम्मान ताउम्र मानती रहीं। छठ पर अपनी मीठी आवाज से संगीत प्रेमियों की जुबान पर ऐसे चढ़ीं, कि कभी उतर ही नहीं पाई। छठी के गानों के अलावा भी उन्होंने विभिन्न भाषाओं में एक से एक हिट गाने दिए। देश के सर्वोच्च सम्मान से भी उन्हें केंद्र सरकार ने नवाजा। शारदा का जन्म बिहार के सुपौल के हुलास गांव में हुआ था। विवाह बेगुसराय में हुआ। वह गायिका के साथ-साथ प्रोफेसर भी रहीं। बीएड की पढ़ाई के अलावा उन्होंने म्यूजिक स्ट्रीम में पीएचडी की और समस्तीपुर के एक कॉलेज में प्रोफेसर बनीं। पर, उनकी रुचि सदैव गायिकी में ही रही। कॉलेज से रिटायर होने के बाद भी उन्होंने संगीत की मुफ्त शिक्षा देना जारी रखा। उनके न रहने से एक युग का अंत हुआ है। उनकी जगह कोई नहीं ले सकता। उनकी मीठी, मधुर, सुरीली आवाज श्रोताओं के कानों में सदा गूंजेगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

योगः कर्मसु कौशलम

श्री रामचरितमानस
तुलसीदास

संकलित

दर्शन

चित्तवृत्ति का भगवान में विलीन हो जाना योग है। यह महायोग बनता है भगवान की अहैतुकी कृपा से! श्रीरामचरितमानस में जहां भी योग है, वह केवल ईश्वर विषयक ही है। उसका सात्विक प्रयोजन और कोई नहीं है। श्री भरत चित्रकूट में भगवान के हृदय से मिलकर शून्य स्थिति को प्राप्त हो गए। न बुद्धि की सत्ता रही, न मन की चंचलता। चित्त में कोई संस्कार शेष न रहा। यही स्थिति योगी की होती है। वह योग करते-करते ईश्वर से एकाकार होकर प्रेम रस से भर जाता है। उसकी वाणी अवरुद्ध हो जाती है और मन रिक्त हो जाता है। भक्त का योग जब भगवान से होता है, मन, बुद्धि और चित्त के साथ साधन अहं शून्य हो जाता है। मन, बुद्धि, चित्त और अहं की स्वीकृति केवल साधन काल में ही होती है, पर साध्य की परम प्राप्ति में इनकी विस्मृति ही योग है। श्रीमद्भगवद्गीता के सभी 18 अध्याय योग हैं। अर्जुन विषाद योग से प्रारंभ होकर गीता की 18 योगों की नदियां मोक्ष संन्यास योग बनकर श्रीकृष्ण समुद्र में जाकर पूर्णता को प्राप्त हो जाती हैं। द्वापर में जितना भार श्रीकृष्ण ने उठाया, उतना त्रेता में श्रीराम को नहीं उठाना पढ़ा, क्योंकि श्रीराम के साथ के लोग अनुकूल थे। उनका काल उनके अनुकूल था, जबकि भगवान कृष्ण को तो सारी गीता सुना-समझाकर, अपनी योगस्थिति को बाजी पर लगाकर अर्जुन से कहना पड़ा कि जितने धर्म मैंने तुझे बताए हैं, तू उन सबको छोड़कर मेरी शरण में आ जा, मैं तुझे सारे पापों से मुक्त कर तुझे भी मुक्त कर दूंगा।

दूसरों की जरूरतें पूरी करना ही दान

संकलित

प्रेरणा

महाभारत का एक प्रसंग है। एक दिन युधिष्ठिर ने वेद व्यास से पूछा कि दान बड़ा है या पूजा-पाठ और तपस्या? व्यास जी ने युधिष्ठिर को अपनी बात समझाने के लिए एक कथा सुनानी शुरू की। व्यास जी ने कहा कि एक मुद्गल नाम के महर्षि थे, वे भिक्षा मांगकर जीवन चलाते थे। भिक्षा में उन्हें आटा, खाने-पीने की चीजें, हवन सामग्री मिल जाती थीं। दान में मिली चीजों से ही वे खाना बनाते और पूजा-पाठ करते थे। कभी-कभी ऐसे दिन भी आते थे, जब उन्हें भिक्षा नहीं मिल पाती थी। अधिकतर अमावस्या और पूर्णिमा पर ऐसा हुआ करता था। इन दोनों तिथियों पर ऋषि मुद्गल से मिलने दुर्वासा ऋषि आया करते थे। दुर्वासा मुनि को खाना खिलाने के बाद उनके लिए कुछ बचता नहीं था तो उन्हें भूखे रहना पड़ता था। एक दिन फिर ऐसा ही हुआ तो दुर्वासा मुनि ने मुद्गल ऋषि से पूछा कि आप मुझे खाना देकर खुद भूखे रहते हैं, लेकिन मैंने कभी भी आपके चेहरे पर भूख के लक्षण नहीं देखे हैं, क्या आपको भूख नहीं लगती है? मुद्गलजी ने कहा कि मेरे लिए दान का महत्व सबसे ज्यादा है। अन्न दान तो सर्वश्रेष्ठ होता है, जब आपकी भूख शांति होती है, तब मैं भी तृप्त हो जाता हूं। मैं दान पुण्य कमाने के लिए नहीं करता हैं, मैं सिर्फ दूसरों की मदद करना चाहता हूं। व्यास जी ने युधिष्ठिर को आगे समझाया कि तपस्या स्वयं के लिए की जाती है, लेकिन दान हमेशा दूसरों की भलाई के लिए किया जाता है। इसलिए दूसरों की आवश्यकता की पूर्ति करना ही दान है। इसलिए दान तप से भी श्रेष्ठ है।

अंतर्मन



आज की पाती

जनसंख्या वृद्धि के नुकसान समझें

हाल ही में आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के मुख्यमंत्रियों ने अपने-अपने राज्यों में आम जन को जनसंख्या बढ़ाने के लिए जो कहा है, इसकी वजह इन दोनों ने अलग-अलग बताई। मुझे नहीं लगता है कि किसी भी राज्य के मुख्यमंत्री को अपने यहां जनसंख्या बढ़ाने के लिए ऐसी बात करनी चाहिए, क्योंकि लोग अब समझदार हो रहे हैं और छोटा परिवार, सुखी परिवार पर विश्वास कर रहे हैं। लोग जानते हैं कि ज्यादा बच्चे देश, समाज और खुद के लिए भी उचित नहीं हैं। कोई समय था जब हमारे देश में पांच-सात बच्चे भी लोगों के होते थे, क्योंकि उस समय लोग जनसंख्या के दुष्परिणामों से अवगत नहीं थे। हालांकि अभी भी ऐसे लोग भी हैं जो बढ़ती जनसंख्या के दुष्प्रभावों से अनजान हैं। कुछ लोग भारत की बढ़ती जनसंख्या पर अपने तर्क देते हैं। लेकिन इसके दुष्प्रभावों को समझा जाना चाहिए। – ***वीरेंद्र कश्यप, बिलासपुर***

ट्रेंड

मिलकर चलना होगा

कोई भी एक देश या कोई भी एक संगठन, चाहे वह कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, टेररिज्म को अकेला हरा नहीं सकता। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को लगातार इस जटिल और बॉर्डर-लेस खतरे के खिलाफ कंधे से कंधा मिलाकर चलना होगा।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

मैं एकाधिकार विरोधी

मैं नौकरियों का, व्यवसाय, नवप्रवर्तन और प्रतिस्पर्धा का भी समर्थक हूं। मैं एकाधिकार विरोधी हूं। हमारी अर्थव्यवस्था तभी फलेगी-फूलेगी, जब सभी व्यवसायों के लिए स्वतंत्र और निष्पक्ष स्थान होगा।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

खाद की कालाबाज़ारी

भाजपाइयों ने सारी खाद दबा रखी है और खाद की कालाबाज़ारी कर रहे हैं। जितना किसान सम्मान के नाम पर दिया जा रहा है उससे ज्यादा खाद की कालाबाज़ारी से लिया जा रहा है। किसान कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा!

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

विजेता को बधाई देना बेईमानी

मुझे लगता है कि राजनीति में किसी हारे हुए व्यक्ति को विजेता को बधाई देना बहुत बेईमानी है। कमला को परिणाम के बाद ट्रंप को बधाई देने के बजाय अमेरिकी लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करनी चाहिए थी।

-रामगोपाल वर्मा, निर्देशक

करंट अफेयर

कनाडा में टिकटॉक का कारोबार होगा बंद

कनाडा ने टिकटॉक के कनाडाई कारोबार को बंद करने की घोषणा की। चीन की कंपनी की राष्ट्रीय सुरक्षा समीक्षा के बाद कनाडा ने यह घोषणा करते हुए कहा कि वह इस ऐप तक पहुंच को ब्लॉक नहीं करेगा। उद्योग मंत्री फ्रांस्वा–फिलिप शैम्पेन ने कहा कि इसका उद्देश्य टिकटॉक टेक्नोलॉजी कनाडा इंक द्वारा स्थापित बाइटडांस से संबंधित जोखिमों को दूर करना है। शैम्पेन ने कहा, 'सरकार कनाडाई लोगों की टिकटॉक एप्लिकेशन तक पहुंच या उनकी कंटेंट बनाने की क्षमता को ब्लॉक नहीं कर रही है। सोशल मीडिया एप्लिकेशन या मंच का उपयोग करने का निर्णय एक व्यक्तिगत पसंद है।' शैम्पेन ने कहा कि कनाडाई लोगों के लिए अपनी व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा सहित अच्छी साइबर सुरक्षा कार्यप्रणाली को अपनाना महत्वपूर्ण है। टिकटॉक कनाडा ने टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया। टिकटॉक युवा लोगों के बीच बेहद लोकप्रिय है, लेकिन इसके चीनी स्वामित्व की वजह से यह आशंका जताई गई है कि चीन इसका इस्तेमाल पश्चिमी उपयोगकर्ताओं का डेटा एकत्र करने या चीन समर्थक बयानों और गलत सूचनाओं को फैलाने के लिए कर सकता है। टिकटॉक का स्वामित्व बाइटडांस के पास है, जो एक चीनी कंपनी है।

ऑफ बीट

सूर्य हमारे अस्तित्व के लिए क्या आवश्यक है

आज इस बात के बहुत ज़्यादा सबूत नहीं हैं कि प्राचीन लोग मानते थे कि सूरज की रोशनी ही बीमारी को ठीक कर सकती है। इसके बजाय, इस बात के ज़्यादा सबूत हैं कि वे ठीक होने के लिए सूरज की गर्मी का इस्तेमाल करते थे। एबर्स पेपीरस ईसा पूर्व 1500 साल के आसपास का प्राचीन मिस्र का चिकित्सा 'स्क्रॉल' है। इसमें 'नसों को लचीला बनाने' के लिए मरहम बनाने की विधि दी गई है। यह मरहम शराब, प्याज, कालिख, फल और पेड़ के अर्क लोबान और लोहबान से बनाया गया था। इसे लगाने के बाद, व्यक्ति को 'सूर्य के प्रकाश में रखा जाता था।' उदाहरण के लिए, खांसी के इलाज के लिए अन्य नुस्खों में विभिन्न सामग्री को एक बर्तन में डालकर धूप में रखना शामिल था। यही तकनीक चिकित्सा लेखन में भी है जिसका श्रेय यूनानी चिकित्सक हिप्पोक्रेट्स को दिया जाता है जिनका काल लगभग 450–380 ईसा पूर्व माना जाता है। लगभग 150 ई. में आधुनिक तुर्की में सक्रिय रहे चिकित्सक एरेटियस ने लिखा था कि सूर्य का प्रकाश सुस्ती सहित कई बीमारियों को ठीक कर सकता था। इसमें वह बीमारी भी है जिसे हम आज अवसाद के रूप में पहचानते हैं। सुस्ती मिटाने का अर्थ है प्रकाश में लेटना, सूर्य की किरणों के संपर्क में आना; तथा अपेक्षाकृत गर्म स्थान में रहना।



अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार के रक्षा मंत्री से हुई भारतीय अधिकारी की पहली मुलाकात

अफगानिस्तान को दी जा रही मानवीय सहायता व चाबहार बंदरगाह के उपयोग पर की विस्तृत चर्चा

नई दिल्ली

15 अगस्त 2021 को अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज हुई तालिबान की अंतरिम सरकार के रक्षा मंत्री मोहम्मद याकूब मुजाहिद के साथ भारत के विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान के प्रभारी) जेपी सिंह की काबुल में पहली आधिकारिक मुलाकात हुई है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को नियमित संवाददाता सम्मेलन में इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि 4 से 5 नवंबर तक मंत्रालय में संयुक्त सचिव जे.पी. सिंह काबुल की यात्रा पर थे। जिसमें तालिबानी रक्षा मंत्री से मुलाकात में भारत द्वारा अफगानिस्तान को दी जाने वाली मानवीय सहायता, अफगानी व्यवसायी समुदाय को चाबहार बंदरगाह के नए गलियारे का कनेक्टिविटी के लिए इस्तेमाल करने का मुद्दा मुख्य रूप से शामिल था। इस बाबत कुछ दिन पहले हुई एक संधि के साथ नई व्यवस्था बनाई गई है। एक प्रश्न के जवाब में जायसवाल ने कहा कि तालिबान द्वारा भारत से क्या मानवीय सहायता मांगी गई थी? इसके बारे में जानकारी नहीं है। लेकिन यह दोनों पक्षों के बीच बातचीत का मुख्य मुद्दा था। वहीं, जे.पी. सिंह की एक साल के अंदर की गई काबुल की यह दूसरी यात्रा है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के निर्देश पर उनके साथ एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल भी गया था।

विदेश मंत्रालय के संयु

तालिबान सरकार को नहीं दी मान्यता

गौरतलब है कि काबुल की अंतरिम सरकार के रक्षा मंत्री मोहम्मद याकूब मुजाहिद तालिबान के सर्वोच्च नेता मुल्ला उमर का बेटा है। जो कि वर्ष 1996 से लेकर 2001 तक अफगानिस्तान का एक अमीर भी था। भारत ने अभी तक तालिबान की सरकार को आधिकारिक रूप से मान्यता प्रदान नहीं की है।

पूर्व राष्ट्रपति करजई से भी मिले सिंह

जायसवाल ने कहा कि काबुल में जेपी सिंह ने अफगानिस्तान के कुछ अन्य मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की थी। इसमें तालिबान सरकार में कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी और अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई, संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों के प्रमुख व कई अन्य वरिष्ठ मंत्री, अधिकारी शामिल हैं। उन्होंने कहा, बीते कुछ महीनों और सालों में भारत ने अफगानिस्तान को मानवीय सहायता प्रदान की है। इसमें 50 हजार मीट्रिक टन गेहूं, 40 हजार लीटर मेलाथोनियन, जो कि एक कीटनाशक होता है। वो दिया है। साथ ही 300 टन दवाइयां दी हैं और 28 टन भूकंप राहत सामग्री प्रदान की गई है।

नई दिल्ली में दूतावास खोलने का इच्छुक तालिबान

तालिबान भारत पर यह दबाव डालता रहा है कि वह नई दिल्ली में अफगानिस्तान के दूतावास में तालिबान के विदेश मंत्रालय के एक राजनयिक की नियुक्ति को मंजूरी प्रदान करे। वहीं, उसके रक्षा मंत्री ने पूर्व में भारत के साथ मजबूत संबंधों की उम्मीद जताई है। तालिबानी रक्षा मंत्रालय ने इस मुलाकात को लेकर कहा, बैठक में दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने की अपनी साझा इच्छा पर जोर दिया है।

ट्रंप के आने से प्रभावित नहीं होंगे कनाडा संग रिश्ते

उन्होंने एक प्रश्न के जवाब में कहा कि अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति निर्वाचित होने से भारत और कनाडा के रिश्तों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। क्योंकि हर देश के साथ एक अलग नीति होती है। ऐसे में तीसरे देश में क्या हो रहा है? उससे उस पर (कनाडा) कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। वहीं, ट्रंप के राष्ट्रपति बनने को लेकर उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका की भागीदारी एक विशेष और बहुआयामी है। हमारे पीएम ने राष्ट्रपति ट्रंप से फोन पर बात की थी। एक्स पर पोस्ट के जरिए बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा है कि वह राष्ट्रपति ट्रंप के साथ भारत-अमेरिका व्यापक सामरिक भागीदारी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए निकटता से काम करने के लिए तैयार हैं। दोनों देश अपने लोगों की भलाई के लिए लगातार काम करते रहेंगे।

खबर संक्षेप

शिव सेना नेता कुक्कू को पाक से मिली धमकी

तरनतारन। आतंकवाद का विरोध करते रहे शिव सेना (बाल ठाकरे) के प्रदेश उपाध्यक्ष अश्वनी कुमार कुक्कू को फोन कॉल पर पाकिस्तान से एक करोड़ रंगदारी की धमकी मिली है। कॉल करने वाले ने कहा कि तुम्हारी व तुम्हारे बेटे की हत्या कर दी जाएगी। पाक नंबर 923160-710802 से कुक्कू के मोबाइल नंबर 98157-10999 पर कॉल आई। काल करने वाले ने कहा कि शिव सेनिकों को सबक सिखाने का समय आ गया है। कॉल सुनते ही कुक्कू डीएसपी कार्यालय पहुंचे।

दुर्घटनाग्रस्त हुआ विमान 5 की मौत, 1 बच्चा शामिल

मेसा। फीनिक्स के उपनगर मेसा में स्थित एक हवाई अड्डे के पास एक छोटे व्यवसायिक विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने 5 लोगों की मौत हो गई, जिसमें 12 वर्षीय एक बच्चा भी शामिल था। 6 सीटों वाला 'होंडाजेट एचए-420 विमान' यूटा के प्रोवो की ओर जा रहा था। मेसा के फाल्कन फील्ड हवाई अड्डे से इसने उड़ान भरी। विमान पश्चिमी हिस्से में सड़क पर जा रहे एक वाहन से टकरा गया।

बिगड़ते जा रहे भारत-कनाडा के रिश्ते

सुरक्षा कारणों से भारतीय दूतावास ने रद्द किए शिविर

एजेंसी टोरंटो

भारत और कनाडा के बीच के रिश्ते दिन पर दिन बिगड़ते जा रहे हैं। इसी क्रम में टोरंटो स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने अपने कुछ निर्धारित वाणिज्य दूतावास शिविरों को रद्द कर दिया है। इसके पीछे की वजह कनाडा की ओर से पर्याप्त सुरक्षा न मुहैया कराया जाना बताई गई है। भारतीय दूतावास के मुताबिक, सुरक्षा एजेंसियों ने सामुदायिक शिविर आयोजकों को न्यूनतम सुरक्षा प्रदान करने में अपनी असमर्थता जताई है।

इस वजह से हमें अपने कार्यक्रम रद्द करने पड़े हैं। यह कदम ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर और भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक वाणिज्य दूतावास कार्यक्रम में खालिस्तानी झंडे लेकर पहुंचे प्रदर्शनकारियों के हमले की घटना के कुछ दिनों बाद उठाया गया।

बिना सबूत के लगाए आरोप

दरअसल, भारत और कनाडा के बीच उस वक्त और तल्खी आ गई, जब पीएम जस्टिन ट्रूडो सरकार के विदेश उप-मंत्री डेविड मॉरिसन ने दावा किया कि कनाडा में सिख अलगाववादियों पर कार्रवाई का आदेश अमित शाह की ओर से दिया गया था। हालांकि, बाद में मॉरिसन ने राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की पूछताछ में स्वीकार किया कि उन्होंने ही बिना किसी सबूत के शाह के नाम की जानकारी लीक की थी। इन आरोपों को लेकर भारत ने नाराजगी जताई थी। मामले में सख्त रुख अपनाते हुए भारत ने कनाडाई उच्चायोग के प्रतिनिधि को तलब किया था। भारत सरकार ने कहा था कि केंद्रीय गृह मंत्री के बारे में किए गए बेतुके और निराधार आरोपों का सबसे कड़े शब्दों में विरोध करती है।

आतंकियों ने दो वीडीजी सदस्यों की गोली मारकर हत्या की

जम्मू। किश्तवाड़ में आतंकियों ने मुंजलाधार (अधवारी) में ग्राम रक्षा समूह (वीडीजी) के दो सदस्यों की अपहरण करने के बाद गोलीमार हत्या कर दी। सुरक्षाबलों ने इलाका घेर लिया है। हमलावरों की तलाश की जा रही है। मारे गए वीडीजी सदस्यों की पहचान कुलदीप कुमार और नजीर अहमद के रूप में हुई है। दोनों ओहली कोंतवाड़ा के रहने वाले हैं। वारदात की जिम्मेदारी आतंकी संगठन कश्मीर टाइगर्स ने ली है। सूत्रों के अनुसार, आतंकी गुरुवार को गांव में घुसे और कुलदीप व नजीर को अपने साथ लेते गए। जंगल में ले जाकर दोनों को गोली मार हत्या कर दी।

चटगांव में हिंदुओं पर हुए हमले, लूटपाट को लेकर भारत की कड़ी प्रतिक्रिया

एस. जयशंकर के बयान से तिलमिलाया कनाडा ऑस्ट्रेलिया टुडे चैनल पर लगाया व्यापक प्रतिबंध

बोला विदेश मंत्रालय, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पर है चरमपंथियों की नकेल कसने की जिम्मेदारी, वरना घटेगा सामाजिक सौहार्द, बढ़ेगा सामुदायिक तनाव

नई दिल्ली

भारत के निकट पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ जारी हिंसा की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला चटगांव में हिंदू समुदाय पर हुए हमले से जुड़ा हुआ है। जहां चरमपंथियों ने उनकी संपत्ति लूटी और डराया-धमकाया भी। मामले की निंदा करते हुए गुरुवार को विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से कहा है कि वह बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं और अल्पसंख्यक समुदाय के बाकी लोगों को सुरक्षा प्रदान करे। क्योंकि यह उसकी विशेष जिम्मेदारी है। साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस पर पूछे गए प्रश्न के जवाब में कहा, चटगांव की घटना से विदेश मंत्रालय अवगत है। इसे लेकर सोशल मीडिया में कुछ वीडियो भी मौजूद हैं। हमने यह भी कहा है कि ऐसी घटनाओं से सामाजिक सौहार्द घटेगा और सामुदायिक तनाव बढ़ेगा। इसलिए बांग्लादेश की सरकार चरमपंथी वर्ग के लोगों को नियंत्रित करे और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। बतौर प्रधानमंत्री के रूप में शेख हसीना द्वारा अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बधाई देने से जुड़े एक अन्य प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि शेख हसीना को लेकर भारत अपने पुराने रुख पर कायम है। वो हमारे लिए बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री ही हैं।

जायसवाल ने कहा कि कनाडा के इस कदम से भारत को आश्चर्य हुआ

भारत विरोधी तत्वों को राजनीतिक शरण देने का खुलासा किया

उधर, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर द्वारा ऑस्ट्रेलिया से ब्रैम्पटन की घटना, सिख चरमपंथियों की बढ़ती उग्रता को लेकर कनाडा को सुनाई गई खरी खोटी को लेकर उसे बुरी तरह से मिर्ची लगी है और उसने अपनी भड़ास ऑस्ट्रेलिया टुडे चैनल और उसके सोशल मीडिया हैंडल पर प्रतिबंध लगाकर निकाली है। जायसवाल ने कहा कि कनाडा के इस कदम से भारत को आश्चर्य हुआ है। लेकिन इससे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर उसका दोगलापन उजागर हुआ है। चैनल पर पाबंदी लगाने का यह कदम भारत और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों के कैनबरा में हुए संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के कुछ घंटे बाद उठाया गया। ऑस्ट्रेलिया टुडे ने जयशंकर की यात्रा की बड़ी कवरेज की है। कई लेख छापे, ऑस्ट्रेलिया में जयशंकर का साक्षात्कार भी लिया। भारत के विदेश मंत्री ने तीन बिंदुओं को सामने रखते हुए कहा था कि कनाडा में बिना ठोस सबूत के भारत पर आरोप लगाने का चलन बढ़ा है। भारतीय राजनयिकों की निगरानी करना अस्वीकार्य है। उन्होंने कनाडा में भारत विरोधी तत्वों को राजनीतिक शरण देने का भी खुलासा किया था।

कनाडा में राजनयिकों पर बढ़ा खतरा

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि मैं भी वहां पर करीब साल भर तक था। मैंने भारत-कनाडा संबंधों को प्रत्यक्ष देखा है। लेकिन बीते एक साल से कुछ अधिक समय से भारत के राजनयिकों पर हमले, उन्हें डराने, धमकाने की घटनाएं बढ़ी हैं। इसलिए मैं यह कहूंगा कि खतरा बढ़ा है। इस मामले को हालांकि भारत ने मजबूती के साथ कनाडा के समक्ष उठाया है।

विदेश मंत्री ने किया था तीन बातों का जिक्र

जायसवाल ने कहा कि आपने देखा होगा कि विदेश मंत्री जयशंकर ने सिडनी में अपने मीडिया कार्यक्रम में तीन बातों का जिक्र किया था। पहली बात ये कि कनाडा ने आरोप लगाए और बिना किसी विशेष सबूत के एक पैटर्न डेवलप हो गया। दूसरी बात-जिस पर उन्होंने प्रकाश डाला कि कनाडा में भारतीय राजनयिकों की निगरानी की जा रही थी, जिसे उन्होंने अस्वीकार्य बताया। जायसवाल ने कहा कि विदेशमंत्री ने तीसरी बात पर प्रकाश डाला कि कनाडा में भारत विरोधी तत्वों को राजनीतिक जगह दी गई थी, इसलिए आप निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि ऑस्ट्रेलिया टुडे चैनल को कनाडा ने क्यों ब्लॉक किया। जायसवाल ने कहा कि भारत-अमेरिका साझेदारी बेहद खास और बहुआयामी साझेदारी है। हमारे पीएम ने कल राष्ट्रपति ट्रंप से बात की। इससे पहले उन्होंने 'एक्स' पर बधाई संदेश भी भेजा था। पीएम मोदी ने नवनिर्वाचित राष्ट्रपति को बताया कि हम बहुत निकटता से काम करने के लिए उत्सुक हैं, जैसा कि उन्होंने पहले भी उनके साथ किया था ।

सऊदी अरब के रेगिस्तान में बिछी बर्फ की चादर



रियाद। सऊदी अरब के अल-जौफ क्षेत्र में अचानक हुई बर्फबारी और कड़ाके की सर्दी ने लोगों को चौंका दिया है। लाल रेत पर बिछी बर्फ की सफेद चादर को देखकर पर्यटक अचंभित हैं। पिछले हफ्ते बारिश और ओलावृष्टि के बाद हुई इस घटना को कुछ लोग प्रकृति का करिश्मा तो कुछ पर्यावरण विशेषज्ञ इसे प्रकृति का कहर मानते हुए पर्यावरणीय बदलाव का एक बड़ा संकेत मान रहे हैं।

शोल्ज ने वित्त मंत्री को बर्खास्त किया, खतरे में गठबंधन सरकार

बर्लिन। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने कहा कि उन्होंने वित्त मंत्री क्रिस्टियन लिंडनर को बर्खास्त कर दिया है। शोल्ज की यह घोषणा सत्तारूढ़ त्रिदलीय गठबंधन टूटने का संकेत है जिसे लिंडनर की पार्टी का भी समर्थन प्राप्त है। देश की बीमारू अर्थव्यवस्था में नयी जान डालने के तरीकों पर गठबंधन सहयोगियों के बीच कई सप्ताह तक चले विवाद के बाद शोल्ज ने संवाददाता सम्मेलन में इस कदम की घोषणा की। उन्होंने कहा कि वह जनवरी में विश्वास मत का प्रस्ताव रखेंगे। जर्मनी में आम चुनाव अगले साल सितंबर में होने हैं लेकिन शोल्ज के इस कदम से मध्यावधि चुनाव की संभावना बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि अपने देश को नुकसान से बचाने के लिए मैं यह कदम उठाने के लिए बाध्य हूं। हमें एक प्रभावी सरकार की आवश्यकता है, जिसमें हमारे देश के लिए मजबूत निर्णय लेने की शक्ति हो।

अमेजन और फ्लिपकार्ट के वेंडर्स पर ईडी का एक्शन

24 ठिकानों पर की छापेमारी फेमा के उल्लंघन का आरोप

एजेंसी नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को देश में कई जगहों पर ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट और अमेजन से जुड़े कई वेंडर्स पर मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ी गतिविधियों को लेकर छापेमारी की। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईडी ने पूरे भारत में टॉप ई-कॉमर्स कंपनियों की सहायक कंपनियों और विक्रेताओं पर छापे मारे हैं। करीब 24 जगहों पर ईडी द्वारा छापेमारी की गई है। इसमें दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद और बेंगलुरु प्रमुख हैं। सूत्रों के अनुसार, कथित विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) नियमों से संबंधित ईडी की जांच चल रही थी। ईडी की छापेमारी का उद्देश्य कथित मनी लॉन्ड्रिंग गतिविधियों से संबंधित सबूत ढूंढना है।

'डार्क पैटर्न' पर गाइडलाइन जारी

भारत सरकार ने बड़े ऑनलाइन प्लेटफार्मों की ओर से इस्तेमाल किए जाने वाले 'डार्क पैटर्न' पर अंकुश लगाने के लिए ड्राफ्ट गाइडलाइन जारी की। डिजिटल इंडिया एक्ट में 'डार्क पैटर्न' को विनियमित करने और ग्राहकों को उत्पादों की नकली ऑनलाइन रिव्यू से बचाने के उद्देश्य से, सरकार ने दिशानिर्देशों जारी किए हैं।

जांच का सामना कर रहीं कंपनियां

अमेजन और फ्लिपकार्ट को पहले भी अपने व्यापार करने के तरीके के संबंध में देश में जांच का सामना करना पड़ा है। सितंबर में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की एक जांच में कथित तौर पर पाया गया कि अमेजन और फ्लिपकार्ट ने अपने प्लेटफार्मों पर विशिष्ट विक्रेताओं का पक्ष लेकर स्थानीय प्रतिस्पर्धा कानूनों का उल्लंघन किया था।

राष्ट्रपति ने देश के पहले जंगी युद्धपोत 'विक्रांत' से परखी नौसेना की रणनीतिक तैयारी

समुद्री हितों की सुरक्षा के लिए नौसैन्य ताकत को मजबूत बनाना आवश्यक: राष्ट्रपति मुर्मू

नई दिल्ली

घरेलू और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को गोवा में दूर समुद्र में तैनात देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक युद्धपोत 'आईएनएस विक्रांत' से नौसेना की रणनीतिक और अभियान संबंधी तैयारियों का विस्तार से जायजा लिया। यह राष्ट्रपति की विक्रांत के साथ समुद्र में की गई पहली यात्रा थी। वर्तमान में विमानवाहक युद्धपोत गोवा में समुद्री सीमाओं की सुरक्षा के लिए तैनात है। जिसमें यह नौसेना के डेढ़ दर्जन अग्रिम पंक्ति के लड़ाकू युद्धपोतों और पनडुब्बियों का संचालन कर रहा है।

नौसेना ने 7 नवंबर को जारी एक बयान में यह जानकारी दी। जिसमें बताया कि गोवा में नौसेना के आईएनएस हंसा हवाईअड्डे पर राष्ट्रपति का नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी और पश्चिमी बेड़े के प्रमुख वाइस एडमिरल संजय जे. सिंह ने स्वागत किया। इसके बाद महामहिम को 150 नौसैन्य कर्मियों के दस्ते ने परंपरागत परेड के साथ गार्ड ऑफ आनर का सम्मान दिया।

नौसैन्य हितों को मजबूत बनाना आवश्यक: राष्ट्रपतिः राष्ट्रपति ने विक्रांत के चालक दल को संबोधित करते हुए वर्तमान में वैश्विक भू-राजनीतिक और सुरक्षा माहौल में बनी हुई चुनौतियों के बीच देश को लगातार अपनी नौसैन्य ताकत को मजबूत बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि खासकर समुद्री क्षेत्र में इसकी काफी मांग है। जिससे हम अपने राष्ट्रीय समुद्री हितों की क्षेत्र व उसके बाहर रक्षा कर सकेंगे। यह हिंद महासागर क्षेत्र में एक शांत और सुरक्षित वातावरण को बनाए रखने की नौसेना की तीव्र तैयारी और प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित करता है। विक्रांत के बल के जंगी बेड़े में शामिल होने से भारत की समुद्री रणनीतिक तैयारी में सराहनीय रूप से इजाफा हुआ है।

परमाणु शक्ति से चालित बैलिस्टिक मिसाइल से हमला करने में सक्षम पनडुब्बी आईएनएस अरिघात भी नौसेना में कमीशन हुई है। इसके अलावा उन्नत जंगी युद्धपोत और जटिल तकनीक से लैस इंफ्रास्ट्रक्चर भी बल का हिस्सा बना है। यह तमाम उपलब्धियां भारत के बड़ी क्षेत्रीय शक्ति के कद को पुख्ता करती हैं। राष्ट्रपति के इस संबोधन को नौसेना की सभी यूनिटों में प्रसारित किया गया। उन्होंने भारत की महान समुद्री विरासत, देश की करीब साढ़े सात हजार किमी. लंबी तटरेखा का भी उल्लेख किया। साथ ही सभी रैंक पर महिलाओं की नियुक्ति को लेकर प्रसन्नता जाहिर की।

विमानों की उड़ान, 30 विमानों ने किया फ्लाईपास्ट

नौसेना ने बताया कि विक्रांत के डेक पर पहुंचने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भारतीय नौसेना की भूमिका, सिद्धांत और अभियानों के बारे में वरिष्ठ अधिकारियों ने जानकारी दी। इसके बाद वह इसके कई नौसैन्य अभियानों का प्रत्यक्ष रूप से साक्षी बनीं। जिसमें मिग-29-के लड़ाकू विमानों के टेकऑफ से लेकर लैंडिंग, युद्धपोत से मिसाइल फायरिंग ड्रिल और पनडुब्बी से जुड़े अभियान मुख्य थे। इसके अलावा राष्ट्रपति की मौजूदगी में 30 से अधिक विमानों ने फ्लाईपास्ट के जरिए अपनी प्रचंड हवाई क्षमता का प्रदर्शन किया। जिसके साथ विक्रांत पर राष्ट्रपति के समुद्री दिवस नामक इस कार्यक्रम का औपचारिक रूप से समापन हुआ।

कंपनियों के सीईओ से मिले जयशंकर

भारत में व्यापार बढ़ाने और निवेश करने का किया आग्रह

Bran Black
Dr S Jaishankar
Dr S Janakiraman
Jod

एजेंसी सिडनी

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया में मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) और व्यापार जगत की प्रमुख हस्तियों से मुलाकात की और एक-दूसरे के विकास में सहयोग के लिए दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डाला। जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सिडनी में सीईओ और व्यापार जगत की हस्तियों से मुलाकात कर दिन की अच्छी शुरुआत हुई। डिजिटल, बुनियादी ढांचे, विनिर्माण और कौशल में भारत में जारी बदलावों को रेखांकित किया और भारत में व्यापार और निवेश का आग्रह किया।

संक्षिप्त खबरें

अमेरिका : एरिजोना में विमान दुर्घटनाग्रस्त, पांच की मौत

मेसा । फीनिक्स के उपनगर में स्थित एक हवाई अड्डे के पास एक छोटे व्यवसायिक विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पांच लोगों की मौत हो गई, जिसमें 12 वर्षीय एक बच्चा भी शामिल था। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्रारंभिक जानकारी से पता चला है कि छह सीटों वाला 'होंडाजेट एचए-420 विमान' यूटा के प्रोवो की ओर जा रहा था। मंगलवार दोपहर को मेसा के फाल्कन फील्ड हवाई अड्डे से इसने उड़ान भरी। अधिकारियों के अनुसार, विमान हवाई अड्डे की धातु की बाड़ को तोड़कर पश्चिमी हिस्से में सड़क पर जा रहे एक वाहन से टकरा गया। यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है कि विमान उड़ान क्यों नहीं भर पाया। 'नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड' संघीय विमानन प्रशासन और मेसा अधिकारियों की मदद से जांच कर रहा है। मेसा पुलिस ने बुधवार को बताया कि विमान में सवार पांच यात्रियों में से चार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

हिजबुल्लाह के हमले में विदेशी नागरिकों की मौत

यरूशलम । लेबनान से दागे गए रॉकेट से बुधवार को उत्तरी इस्राइल में एक विदेशी कर्मचारी की मौत हो गई। इस्राइल की बचाव सेवा ने कहा कि वह उस समय एक खेत में काम कर रहा था। मैगन डेविड एडोम बचाव सेवा ने मृतक की पहचान 40 वर्षीय एक विदेशी नागरिक के रूप में की, लेकिन उसकी राष्ट्रीयता नहीं बताई। सेवा ने कहा कि कर्मचारी को हाइफा शहर के उत्तर में किबुत, केफ्र मासारिक के पास एक कृषि क्षेत्र में गंभीर छर्रे के घाव के साथ बेहोश पाया गया था। इसमें कहा गया, उसे घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया।

तेलंगाना के ग्रामीणों ने ट्रंप की जीत पर मनाया जश्न

हैदराबाद । अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत पर तेलंगाना के जनगांव जिले में ग्रामीणों के एक समूह ने जश्न मनाया और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। ट्रंप के बड़े प्रशंसक रहे दिवंगत बुसा कृष्णा ने कोने गांव में अपने घर पर उनकी प्रतिमा स्थापित की थी। एक ग्रामीण ने बताया कि बुधवार शाम मनाए गए इस जश्न में कृष्णा के मित्र और गांव के अन्य निवासी भी शामिल हुए। अक्टूबर 2020 में कृष्णा का निधन हो गया था। वह ट्रंप के इतने बड़े प्रशंसक थे कि वह ट्रंप की 'पूजा' तक करते थे और अपने घर में उनकी प्रतिमा स्थापित की हुई थी। कृष्णा को याद करते हुए उनके मित्रों और अन्य ग्रामीणों ने ट्रंप को उनकी जीत पर बधाई दी और 'जय ट्रंप' जैसे नारे लगाए।

बाबा सिद्दीकी की हत्या में दो और लोग गिरफ्तार

मुंबई । राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या से संबंधित मामले में बृहस्पतिवार को दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में अब तक 18 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अधिकारी ने बताया कि पुणे शहर के कर्वेनगर इलाके के निवासी आदित्य गुलनकर (22) और रफीक नियाज शेख (22) को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि वे कथित साजिशकर्ताओं में से एक प्रवीण लोनकर और एक अन्य आरोपी रूपेश मोहोल के संपर्क में थे। उन्होंने बताया कि लोनकर और मोहोल ने कथित तौर पर गुलनकर और शेख को गोला-बारूद के साथ नौ एमएम की पिस्तौल सौंपी थी, जिसका इस्तेमाल अपराध में किया जाना था। जांच के दौरान पिस्तौल बरामद कर ली गई, जबकि गोला-बारूद का पता लगाने के प्रयास जारी है। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री सिद्दीकी (66) की 12 अक्टूबर को मुंबई के बांद्रा इलाके में तीन बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

जर्मनी : खतरे में गठबंधन सरकार

बर्लिन । जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने बुधवार को कहा कि उन्होंने वित्त मंत्री क्रिस्टियन लिडनर को बर्खास्त कर दिया है। शोल्ज की यह घोषणा सत्तारूढ़ त्रिदलीय गठबंधन टूटने का संकेत है जिसे लिडनर की पार्टी का भी समर्थन प्राप्त है। देश की बीमारू अर्थव्यवस्था में नई जान डालने के तरीकों पर गठबंधन सहयोगियों के बीच कई सप्ताह तक चले विवाद के बाद शोल्ज ने संवाददाता सम्मेलन में इस कदम की घोषणा की। उन्होंने कहा कि वह जनवरी में विश्वास मत का प्रस्ताव रखेंगे। जर्मनी में आम चुनाव अगले साल सितम्बर में होने है लेकिन शोल्ज के इस कदम से मध्यावधि चुनाव की संभावना बढ़ गई है।

अमेरिका : भारतीय-अमेरिकी समुदाय ने की छठ पूजा

■ 700 लोग यह पर्व मनाने के लिए हुए एकत्र

रिचमॉन्ड (भाषा) । अमेरिका के वर्जीनिया प्रांत में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के सदस्य छठ पूजा मनाने के लिए अपने दोस्तों और परिवार के साथ एकत्र हुए। चार दिवसीय पर्व पांच नवम्बर को 'नहाय खाय' अनुष्ठान के साथ शुरू हुआ था। दूसरे दिन, बुधवार को व्रतियों ने 'खरना' किया।

वर्जीनिया के एक निवासी ने कहा, 'जब हम यहां आए, एक नये देश में छठ पूजा करने के लिए चिंतित थे, नदी या जलाशय ढूंढने के लिए भी परेशान थे इसलिए एक दिन, हमारा पूरा समूह एक पार्क में गया जो एक नदी के किनारे है और हमें लगा कि यदि हमें अनुमति मिल गई तो यह जगह छठ पूजा के लिए पर्याप्त होगी। उन्होंने कहा, हमने काउंटी से संपर्क किया और उन्होंने हमसे कहा कि उन्हें कोई समस्या नहीं है। तब से, हर साल यहां नदी के किनारे छठ पर्व मनाया जाता है। और आज करीब 700 लोग यह पर्व मनाने के लिए एकत्र हुए हैं।

एक अन्य निवासी ने कहा कि शुरुआत में, अमेरिकी लोगों के लिए यह असमान्य बात थी कि इस अवसर पर व्रती महिलाएं सिंदूर का लंबा टीका लगाती हैं और भगवान सूर्य को अर्घ्य देने जलाशय किनारे जाती हैं। उन्होंने कहा, अब, यहां तक कि अमेरिकी लोग आकर प्रसाद मांगते हैं। जब हम उन्हें ठेकुआ देते हैं वे इसे ग्रहण कर खुश होते हैं। पहले साल, केवल सात-आठ परिवारों ने यह पर्व शुरू किया था लेकिन अब काफी संख्या में परिवार घाट पर आते हैं। छठ पर्व बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश का एक प्रमुख त्योहार है। चार दिवसीय इस पर्व की शुरुआत कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि और दिवाली के छह दिन बाद होती है।

बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा हो सुनिश्चित : कृष्णमूर्ति

वाशिंगटन (भाषा) । भारतीय-अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने अमेरिकी विदेश विभाग से बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए काम करने का आग्रह किया है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं की संपत्तियों के साथ ही मंदिरों में तोड़-फोड़ की कई घटनाएं हुई हैं। बांग्लादेश में छात्रों के नेतृत्व वाले आंदोलन के दौरान और उसके बाद ऐसी घटनाएं हो रही हैं।

विदेश विभाग ने कृष्णमूर्ति को बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं के अधिकारों की रक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में सोमवार को जानकारी दी। विदेश मंत्रालय ने इस बात पर जोर दिया कि बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और वे इस मुद्दे पर बांग्लादेश सरकार के साथ लगभग हर उच्चस्तरीय राजनयिक बैठक में चर्चा करते हैं। इसके अतिरिक्त एक विज्ञप्ति में कहा गया कि विदेश विभाग बांग्लादेश के नागरिक सुरक्षा बल को विशेष रूप से धार्मिक अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा से संबंधित प्रशिक्षण देकर मजबूत करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है।

कृष्णमूर्ति ने कहा, मैंने विदेश विभाग से बांग्लादेश में उनके प्रयासों से संबंधित अधिक जानकारी और बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ व्यवहार के बारे में आंकड़े उपलब्ध कराने का आग्रह किया है, क्योंकि हम धार्मिक हिंसा, भेदभाव और कट्टरता को खत्म करने के लिए काम कर रहे हैं। मै इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर ध्यान देने के लिए विदेश विभाग की सराहना करता हूं और आने वाले हफ्तों में फिर से इस पर ध्यान आकर्षित कराऊंगा।

कनाडा में हिंदू मंदिर का पुजारी निलंबित

■ मंदिर पर हमले के बाद भड़काऊ भाषण देने का आरोप

ओटावा (भाषा) । कनाडा के ब्रैम्पटन शहर में एक हिंदू मंदिर के पुजारी को हाल ही में खालिस्तानी झंडे लिए प्रदर्शनकारियों और वहां मौजूद लोगों के बीच हुई झड़पों के दौरान 'हिंसक बयानबाजी' करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। ब्रैम्पटन में तीन नवम्बर को हिंदू सभा मंदिर में विरोध प्रदर्शन हुआ था और सोशल मीडिया पर प्रसारित कुछ अपुष्ट वीडियो में प्रदर्शनकारी खालिस्तान समर्थक बैनर लिए हुए थे। वीडियो में लोगों के बीच हाथापाई और मंदिर के आस-पास के मैदान में एक-दूसरे पर डंडे से वार करते हुए दिखाया गया।

खालिस्तानी झंडे लेकर आए प्रदर्शनकारियों की लोगों के साथ झड़प हुई और उन्होंने मंदिर प्राधिकारियों और भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित वाणिज्य दूतावास के एक कार्यक्रम में भी बाधा पहुंचाई। 'कनाडाई ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन' की एक रिपोर्ट के अनुसार बुधवार को हिंदू सभा मंदिर की ओर से एक बयान जारी कर कहा गया कि रविवार को प्रदर्शनकारियों के साथ पुजारी की 'विवादास्पद संलिप्तता' के कारण उसे निलंबन किया गया है। हालांकि बयान में इस संबंध में विस्तृत जानकारी नहीं दी गई। ब्रैम्पटन के मेयर पैट्रिक ब्राउन ने कहा कि पुजारी ने 'हिंसक बयानबाजी' की।

ब्राउन ने पोस्ट में कहा, अधिकांश सिख कनाडाई और हिंदू कनाडाई सद्भावना से रहना चाहते हैं और हिंसा बर्दाश्त नहीं करते। हिंदू सभा मंदिर के अध्यक्ष मधुसूदन लामा ने हिंसक बयानबाजी करने वाले पंडित को निलंबित कर दिया है। ओंटारियो सिख और गुरुद्वारा परिषद ने रविवार रात हिंदू सभा में हुई हिंसा की निदा की है। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने इस घटना की निंदा की थी। उन्होंने कहा था कि प्रत्येक कनाडाई को अपने धर्म का स्वतंत्र तरीके से और सुरक्षित माहौल में पालन करने का अधिकार है।

मुझे कमला हैरिस पर गर्व : रो खन्ना

वाशिंगटन (भाषा) । अमेरिका के चुनावी इतिहास में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की सबसे बुरी हार के बाद भारतीय अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने बुधवार को कहा कि उन्हें उपराष्ट्रपति पर गर्व है और एक दिन अमेरिका के लोग उन्हें प्रेरक के तौर पर देखेंगे।

■ कहा, एक दिन अमेरिका लोग उनसे प्रेरणा लेंगे उनके दिखाए राह पर चलेंगे

खन्ना (48) ने कहा, 'आज मैं कहना चाहता हूं कि मुझे कमला हैरिस पर गर्व है। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में सिलिकॉन वैली का प्रतिनिधित्व करने वाले खन्ना को मंगलवार को लगातार पांचवीं बार फिर से चुना गया। पेंसिल्वेनिया में पले-बढ़े खन्ना ने कहा, 'बक्स काउंटी में पले-बढे एक बच्चे के रूप में मैंने कभी नहीं सोचा था कि एक अफ्रीकी और भारतीय अमेरिकी महिला उम्मीदवार बनेगी और पेंसिल्वेनिया में 48 प्रतिशत वोट प्राप्त करेगी। रास्ता कठिन है, लेकिन एक दिन अमेरिका लोग उनसे प्रेरणा लेंगे उनके दिखाए राह पर चलेंगे। खन्ना ने कहा कि सीनेट और प्रतिनिधि सभा के साथ 'व्हाइट हाउस' (अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यालय एवं आवास) भी खो चुकी डेमोक्रेटिक पार्टी जल्द वापसी करेगी।

वहीं, उद्यमी से राजनेता बने विवेक रामास्वामी ने बुधवार को राष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित डोनाल्ड ट्रंप की वापसी को अमेरिका की वापसी बताया और कहा कि देश को इस समय एक कठोर निर्णय लेने वाले 'कमांडर-इन-चीफ' की जरूरत है। राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दौड़ में शामिल रहे रिपब्लिकन पार्टी के नेता रामास्वामी ने कहा, 'यही कारण है कि डोनाल्ड ट्रंप आधुनिक इतिहास में किसी भी राष्ट्रपति के मुकाबले सबसे बड़े अंतर से जीते। वह कोई विचारक नहीं है। वह कोई नीति विशेषज्ञ नहीं है। वह समझौता नहीं करने वाले एक अमेरिकी है।

भारत और अमेरिका के संबंध बने रहेंगे मजबूत

वाशिंगटन (भाषा) । अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञों ने कहा कि ट्रंप प्रशासन के दौरान भारत और अमेरिका के संबंध और मजबूत होंगे, लेकिन आव्रजन, आयात होने वाली वस्तुओं पर शुल्क लगाने जैसे कुछ मुद्दों पर असहजता की स्थिति हो सकती है।

विशेषज्ञों ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच कठिन मुद्दों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिए जाने की संभावना है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ट्रंप के बीच बहुत अच्छी दोस्ती है। ट्रंप ने अपने चुनाव प्रचार अभियान में विदेशी वस्तुओं, खासकर से चीन से आयात होने वाली वस्तुओं पर अधिक 'शुल्क' लगाने का प्रस्ताव रखा था तथा अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे अन्य देशों के लोगों को वापस उनके देश भेजने के लिए एक अभियान शुरू करने का वादा किया था। यह स्पष्ट होने के कुछ ही समय बाद कि ट्रंप अमेरिका के अगले राष्ट्रपति होंगे, कैपिटल हिल में वरिष्ठ नेता एवं संचार मामलों के

■ ट्रंप की जीत के बाद रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञों ने कहा

■ आव्रजन, आयात होने वाली वस्तुओं पर शुल्क लगाने जैसे कुछ मुद्दों पर हो सकती है असहजता की स्थिति

रणनीतिकार अनंग मित्तल ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी के प्रमुख नेताओं का मानना है कि 21 सदी को आकार देने में भारत-अमेरिका संबंधों की 'महत्वपूर्ण' भूमिका होगी। चुनाव से एक दिन पहले, 'ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन' के 'अमेरिका चैप्टर' के कार्यकारी निदेशक ध्रुव जयशंकर ने कहा कि नई दिल्ली को ट्रंप प्रशासन के साथ व्यापार और आव्रजन के मुद्दों पर कठिन वार्ता करनी पड़ सकती है। उन्होंने कहा, जहां तक ट्रंप का सवाल है, मुझे लगता है कि व्यापार और आव्रजन के मुद्दे पर कुछ कठिन वार्ताएं होंगी, हालांकि कई अन्य मुद्दों पर उन्होंने भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बहुत सकारात्मक संबंधों की बात कही है। मित्तल ने कहा कि ट्रंप प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपने व्यक्तिगत रिश्तों के माध्यम से भारत-अमेरिका संबंधों को आगे बढ़ाएंगे और व्यापार, रक्षा और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर द्विपक्षीय समझौतों की कोशिश करेंगे।

डोनाल्ड ट्रंप की जीत पर भारतीय अमेरिकियों ने जताई प्रसन्नता

वाशिंगटन (भाषा) । प्रतिष्ठित भारतीय अमेरिकियों ने अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के दोबारा निर्वाचित होने पर प्रसन्नता व्यक्त की और अमेरिका-भारत संबंधों में महत्वपूर्ण मुद्दों पर उनके साथ मिलकर काम करने का आश्वासन दिया।

■ भारत के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर साथ काम करने का दिया आश्वासन

गूगल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुंदर पिचाई ने बुधवार को कहा, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उनकी निर्णायक जीत पर बधाई। हम अमेरिकी नवाचार के स्वर्णिम युग में है और सभी को लाभ पहुंचाने में मदद करने के लिए उनके प्रशासन के साथ काम करने के वास्ते प्रतिबद्ध हैं। दक्षिण कैरोलाइना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली ने कहा कि अमेरिकी लोगों ने अपना निर्णय बता दिया है। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप को शानदार जीत के लिए बधाई। अब समय आ गया है कि अमेरिकी लोग एकजुट हों, अपने देश के लिए प्रार्थना करें और शांतिपूर्ण तरीके से सत्ता हस्तांतरण की प्रक्रिया शुरू करें। लुइसियाना के पूर्व गवर्नर बॉबी जिंदल ने इसे अमेरिका के लिए महान दिन बताया। जिंदल ने कहा, आइए, जश्न मनाने के लिए कुछ पल निकालें। फिर हमारे देश को वापस पटरी पर लाने के लिए कड़ी मेहनत शुरू होगी।

उद्यमी से राजनेता बने विवेक रामास्वामी ने कहा, अमेरिका में लगभग सुबह हो चुकी है। चलिए, देश को बचाने चलें। सामुदायिक सहभागिता मंच 'इंडियास्पोरा' के संस्थापक एम आर रंगास्वामी ने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप को बधाई। हम अमेरिका-भारत संबंधों में द्विपक्षीय महत्व के मुद्दों और वैश्विक चुनौतियों पर उनके और उनके प्रशासन के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं। कमला हैरिस के चुनाव प्रचार अभियान दल के प्रमुख सदस्य अजय जैन भटूरिया ने भी ट्रंप को बधाई दी। भटूरिया ने कहा, नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप को बधाई। अमेरिका फिर से अपनी पहली महिला राष्ट्रपति चुनने में विफल रहा। लोगों ने सीमा मुद्दों, अर्थव्यवस्था, आव्रजन, अपराध और युद्धों आदि मुद्दों पर रुख में बदलाव के लिए मतदान किया है।

भारतीय अधिकारी ने की अफगान रक्षा मंत्री से मुलाकात

नई दिल्ली (भाषा) । एक महत्वपूर्ण कदम के तहत एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अफगानिस्तान के कार्यवाहक रक्षा मंत्री मुल्ला मोहम्मद याकूब से मुलाकात कर उनके देश के कारोबार के लिए ईरान स्थित चाबहार बंदरगाह के उपयोग की पेशकश की तथा काबुल को मानवीय सहायता प्रदान करने पर भी चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्रालय में पाकिस्तान-अफगानिस्तान-ईरान प्रभाग के संयुक्त सचिव जेपी सिंह ने किया।

यहां साप्ताहिक मीडिया वार्ता के दौरान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने

■ चाबहार बंदरगाह के इस्तेमाल का प्रस्ताव दिया

मोहम्मद याकूब के अलावा पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई और अन्य वरिष्ठ मंत्रियों तथा संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के प्रमुखों से भी मुलाकात की। जायसवाल ने एक सवाल के जवाब में कहा, 'उन्होंने भारत की मानवीय सहायता के साथ ही इस बात पर भी चर्चा की कि किस प्रकार चाबहार बंदरगाह का उपयोग अफगानिस्तान में व्यापारिक समुदाय द्वारा लेन-देन, आयात-निर्यात तथा अन्य किसी कार्य के लिए किया जा सकता है। भारत 2021 से अफगानिस्तान पर शासन कर रहे तालिबान शासन को मान्यता नहीं देता है। भारत समय-समय पर अफगान लोगों को गेहूं, दवाइयां और चिकित्सा आपूर्ति सहित मानवीय सहायता प्रदान करता रहा है।

जयशंकर ने की व्यापार जगत की हस्तियों से भेंट

सिडनी (भाषा) । विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बृहस्पतिवार को ऑस्ट्रेलिया में मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) और व्यापार जगत की प्रमुख हस्तियों से मुलाकात की और एक-दूसरे के विकास में सहयोग के लिए दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डाला। मंत्री ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक यात्रा पर हैं।

जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'सिडनी में सीईओ और व्यापार जगत की हस्तियों से मुलाकात कर दिन की अच्छी शुरुआत हुई। डिजिटल, बुनियादी ढांचे, विनिर्माण और कौशल में भारत में जारी बदलावों को रेखांकित किया।' उन्होंने कहा, 'हमारे मजबूत व्यापार और निवेश संबंध हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी के प्रमुख घटक है।' जयशंकर ने सिडनी में न्यू साउथ वेल्स की संसद में प्रवासी समुदाय के सदस्यों, सांसदों और भारत के मित्रों से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा, 'भारत-ऑस्ट्रेलिया साझेदारी को मजबूत बनाने में भारतीय समुदाय के सक्रिय योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त किया गया।'

कनाडा में भारतीय वाणिज्य दूतावास शिविर रद्द

टोरंटो (आईएएनएस) । टोरंटो स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने भारतीय पेंशनभोगियों को जीवन प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आयोजित होने वाले कई वाणिज्य दूतावास शिविरों को रद्द कर दिया है। खालिस्तानी चरमपंथियों की तरफ से हाल में की गई हिंसा के बीच सुरक्षा एजेंसियों द्वारा न्यूनतम सुरक्षा प्रदान करने में असमर्थता जताने के बाद यह फैसला लिया गया।

■ सुरक्षा न मिलने की वजह से लिया फैसला

महावाणिज्य दूतावास की ओर से जारी बयान में कहा गया, सुरक्षा एजेंसियों ने सामुदायिक शिविर आयोजकों को न्यूनतम सुरक्षा प्रदान करने में असमर्थता व्यक्त की जिसके मद्देनजर, वाणिज्य दूतावास ने कुछ निर्धारित शिविरों को रद्द करने का निर्णय लिया है। कनाडा के ब्रैम्पटन में रविवार को एक हिन्दू मंदिर में लोगों पर भारत विरोधी तत्वों ने हमला किया। यह हमला तब हुआ, जब कनाडा स्थित भारतीय उच्चायोग के अधिकारी मंदिर में गए थे। भारतीय वाणिज्य दूतावास के अधिकारी हिंदू सभा मंदिर में लगाए गए वाणिज्य दूतावास कैंप में शामिल हुए थे। भारत ने हिंसक झड़पों को लेकर कनाडा में अपने नागरिकों की सुरक्षा के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने हिंदू सभा मंदिर में हुई हिंसा की निंदा की, और कनाडा सरकार से पूजा स्थलों को हमलों से बचाने और जिम्मेदार लोगों पर मुकदमा चलाने की अपील की।

भारत ने सोमवार को कहा कि वह ब्रैंपटन में एक हिंदू मंदिर में गई हिंसा के बाद कनाडा में अपने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर 'गहरी चिंता' में है। हालांकि विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि भारतीयों और कनाडाई नागरिकों को सेवाएं प्रदान करने के लिए वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों तक लोगों की पहुंच को नहीं रोका जाएगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक बयान में कहा, हम कल ब्रैम्पटन, ओंटारियो में हिंदू सभा मंदिर में चरमपंथियों और अलगाववादियों द्वारा की गई हिंसा की निंदा करते हैं। उन्होंने जस्टिन ट्रूडो के नेतृत्व वाली कनाडाई सरकार से अपील की कि सभी पूजा स्थलों की ऐसे हमलों से सुरक्षा की जानी चाहिए। इससे पहले ओटावा में भारतीय उच्चायोग ने ब्रैम्पटन में वाणिज्य दूतावास शिविर के बाहर भारत विरोधी तत्वों द्वारा की गई हिंसक गतिविधियों की निंदा की। बयान में कहा गया, यह देखना बेहद निराशाजनक है कि हमारे वाणिज्य दूतावासों की तरफ से स्थानीय सह-आयोजकों के पूर्ण सहयोग से आयोजित किए जा रहे नियमित वाणिज्य दूतावास कार्य में इस तरह की गड़बड़ी की अनुमति दी जा रही है। बयान के मुताबिक, हम भारतीय नागरिकों सहित आवेदकों की सुरक्षा के लिए भी बहुत चिंतित हैं, जिनकी मांग पर इस तरह के आयोजन आयोजित किए जाते हैं। भारत विरोधी तत्वों की इन कोशिशों के बावजूद, हमारा वाणिज्य दूतावास भारतीय और कनाडाई आवेदकों को 1,000 से अधिक लाइफ सर्टिफिकेट जारी करने में सक्षम रहा। एचसीआई ने एक बयान में कहा कि 2 और 3 नवम्बर को वैंकूवर और सरे में आयोजित इसी तरह के शिविरों को बाधित करने का प्रयास किया गया था।

जयशंकर की प्रेस वार्ता कवर करने वाले ऑस्ट्रेलियाई मीडिया प्रतिष्ठान पर कनाडा ने लगायी पाबंदी : भारत

नई दिल्ली (भाषा) । भारत ने बृहस्पतिवार को कहा कि कनाडा ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर और उनकी ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग के संवाददाता सम्मेलन के प्रसारण के कुछ घंटे बाद एक ऑस्ट्रेलियाई मीडिया प्रतिष्ठान को ब्लॉक कर दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि 'ऑस्ट्रेलिया टुडे' के सोशल मीडिया हैंडल और कुछ पेजों को ब्लॉक करने की कनाडा की कार्रवाई से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के प्रति ''पाखंड'' की बू आती है।

मीडिया वार्ता में एक सवाल के जवाब में जायसवाल ने कहा, ''हम समझते है कि इस विशेष संस्थान के सोशल मीडिया हैंडल, पेज, जो प्रवासियों के लिये एक महत्वपूर्ण मंच है, को ब्लॉक कर दिया गया है और वे कनाडा में दर्शकों के लिए उपलब्ध नहीं है। यह घटना इस विशेष हैंडल द्वारा विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के पेनी वोंग के साथ संवाददाता सम्मेलन को प्रसारित करने के ठीक एक घंटे या कुछ घंटों बाद हुई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, ''हम हैरान थे। यह हमें अजीब लग रहा है। लेकिन फिर भी, मै यही कहना चाहता हूं कि ये ऐसी हरकतें है जो एक बार फिर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के प्रति कनाडा के पाखंड को उजागर करती है। उन्होंने कहा कि जयशंकर ने ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में मीडिया से बातचीत में कनाडा द्वारा बिना कोई विशेष सबूत साझा किये भारत पर लगाए गए आरोपों के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा, ''आपने देखा होगा कि विदेश मंत्री ने मीडिया से बातचीत में तीन बातें कहीं। पहली बात यह कि कनाडा ने आरोप लगाए और बिना किसी ठोस सबूत के एक पैटर्न विकसित हो गया। प्रवक्ता ने कहा कि दूसरी बात जिस पर उन्होंने प्रकाश डाला वह कनाडा में भारतीय राजनयिकों की निगरानी है, जिसे उन्होंने अस्वीकार्य बताया। जायसवाल ने कहा, ''तीसरी बात जिस पर उन्होंने प्रकाश डाला वह थी कनाडा में भारत विरोधी तत्वों को दी गई राजनीतिक जगह। तो आप इस बात से अपने निष्कर्ष निकाल सकते है कि ऑस्ट्रेलिया टुडे चैनल को कनाडा ने क्यों ब्लॉक किया। जयशंकर 3 से 7 नवंबर तक ऑस्ट्रेलिया की यात्रा पर है, जिसके दौरान उन्होंने और वोंग ने कैनबरा में एक संयुक्त प्रेस वार्ता की, और भारतीय विदेश मंत्री ने ब्रैम्पटन मंदिर की घटना और भारत और कनाडा के बीच बढते राजनयिक विवाद पर भी सवालों के जवाब दिए। ब्रैम्पटन में हिदू मंदिर की घटना को ''बेहद चिंताजनक'' बताते हुए जयशंकर ने मंगलवार को कहा था कि यह कनाडा में ''चरमपंथी ताकतों'' को एक तरह से दी जा रही ''राजनीतिक जगह'' की ओर इंगित करता है। उन्होंने यहां अपनी ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग के साथ एक संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान कनाडा पर ''बिना विस्तृत जानकारी दिए आरोप लगाने की प्रवृत्ति'' का भी आरोप लगाया।

■ विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने जताई आपत्ति

■ कहा, ऐसी करतूत कनाडा के अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के पाखंड को उजागर करती है

ब्रैम्पटन में खालिस्तानी झंडे लिए प्रदर्शनकारियों ने हिदू सभा मंदिर में लोगों के साथ झड़प की। इससे मंदिर के अधिकारियों और भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक कार्यक्रम में बाधा उत्पन्न हुई। जायसवाल ने अपनी टिप्पणी में कैनबरा में जयशंकर द्वारा की गई टिप्पणियों को याद किया, जिसमें उन्होंने मौजूदा राजनयिक गतिरोध पर भारत का रूख दोहराया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, ''हम ब्रैम्पटन में मंदिर पर हुए हमले की निदा करते है, और हमने कनाडा सरकार से कानून के शासन को बनाए रखने और हिसा करने वाले लोगों को न्याय के कठघरे में लाने का आह्वान किया है। हमें उम्मीद है कि कनाडा सरकार उचित कार्रवाई करेगी।''

भारत का दक्षिण अफ्रीका से टी20 जंग आज, युवा टीम देगी चुनौती

एजेंसी ⏭ डरबन

भारतीय क्रिकेट बदलाव के दौर से गुजर रहा है। संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा जैसे दूसरी श्रेणी के स्टार खिलाड़ी अब अपनी चमक बिखेर कर राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह मजबूत करने की कोशिश करेंगे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुक्रवार से यहां शुरू होने वाली चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला शुरू हो रही है। टीम के सीनियर खिलाड़ी जैसे कप्तान सूर्यकुमार यादव, ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और अक्षर पटेल भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला को यादगार बनाने की कोशिश करेंगे।

सैमसन को हाल में बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टी20 श्रृंखला में पारी का आगाज करने का मौका मिला था और उन्होंने 47 गेंद पर 111 रन की पारी खेल कर टीम प्रबंधन के फैसले को सही साबित किया था। सैमसन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कुछ अच्छी पारियां खेल कर इस प्रारूप में भारतीय शीर्ष क्रम में अपनी जगह पक्की करने की कोशिश करेंगे।

मैच का प्रसारण आज रात 8.30 बजे से

SOUTH AFRICA
DREAM11 INDIA
WONDER CEMENT
T20 INTERNATIONAL

अभिषेक को लानी होगी निरंतरता

अभिषेक शर्मा के लिए भी यह श्रृंखला बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि जिंबॉब्वे के खिलाफ जुलाई में हराने में आकर्षक शतक बनाने के बाद वह रन बनाने के लिए जूझते रहे हैं। उन्हें अपनी जगह पक्की करने के लिए अपने प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी। वह बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज के रूप में भी बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे।

फार्म में नहीं तिलक

बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने अगस्त 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करते हुए अपने प्रदर्शन से प्रभाव छोड़ा था लेकिन इसके बाद वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए। उन्होंने अब तक जो 12 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं उनमें उनके नाम पर केवल एक अर्धशतक दर्ज है। उन्होंने अपना आखिरी मैच इस साल जनवरी में अफगानिस्तान के खिलाफ खेला था। हैदराबाद का यह खिलाड़ी भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब होगा।

जितेश, वरुण के लिए मौका

विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती के लिए भी यह अच्छा मौका होगा। चक्रवर्ती ने बांग्लादेश के खिलाफ पांच विकेट लेकर प्रभावित किया था। चयनकर्ता इस बात पर भी बारीकी से नजर रखेंगे कि तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह, अवेश खान, विशाक विजयकुमार और यश दयाल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कैसा प्रदर्शन करते हैं। अर्शदीप और अवेश को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने का अनुभव है जबकि विशाक और दयाल ने घरेलू क्रिकेट और आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम में जगह बनाई है।

रमनदीप आईपीएल स्टार

एक और खिलाड़ी रमनदीप सिंह है जिन्होंने आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया था और यही वजह है कि कोलकाता नाइट राइडर्स ने उनको रिटेन किया। रमनदीप में एक संपूर्ण क्रिकेटर नजर आता है। वह निचले क्रम में आक्रामक बल्लेबाज, मध्यम गति के तेज गेंदबाज और बेहतरीन क्षेत्र रक्षक हैं।

टीम इस प्रकार है

भारतः सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, विजयकुमार विशक। आवेश खान, यश दयाल। **दक्षिण अफ्रीकाः** एडेन मार्करम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएत्जी, डोनोवन फरेरा, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को जानसन, हेनरिक क्लासेन, पैट्रिक क्रुगर, केशव महाराज, डेविड मिलर, मिहलाली मपोंगवाना, नकाबा पीटर, रयान रिकेल्टन, एंडिले सिमलेन, लूथो सिपम, और ट्रिस्टन स्टब्स।

खबर संक्षेप

बैडमिंटन अकादमी स्थापित करेगी सिंधू

विशाखापट्टनम। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू की स्वप्निल परियोजना बैडमिंटन और खेल उत्कृष्टता के लिए पीवी सिंधू केंद्र विशाखापट्टनम में स्थापित किया जाएगा। इस केंद्र में बैडमिंटन के अलावा अन्य खेलों के खिलाड़ियों को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसे आंध्र प्रदेश सरकार के सहयोग से स्थापित किया जाएगा। सिंधू ने इसके लिए आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू का आभार व्यक्त किया। सिंधू ने कहा, 'मैं विशाखापट्टनम के लोगों के लिए इस केंद्र को स्थापित करने के लिए वास्तव में आभार व्यक्त करती हूं। इस खेल केंद्र की स्थापना के लिए इससे बेहतर स्थान नहीं हो सकता। यह केंद्र ऐसा स्थान होगा जिसकी सभी स्तर के खिलाड़ी सेवाएं ले सकेंगे।'

अपना ज्ञान बढ़ाना चाहते हैं एंडरसन

लंदन। इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने कहा कि उन्होंने खेल के बारे में अपना ज्ञान बढ़ाने के लिए इंडियन प्रीमियर लीग की आगामी मेगा नीलामी के लिए पंजीकरण कराया है। एंडरसन ने साल के शुरु में टेस्ट क्रिकेट में सबसे सफल तेज गेंदबाज के रूप में अपना अंतरराष्ट्रीय करियर समाप्त किया था। उन्होंने आखिरी बार 2014 में अपना अंतिम टी20 मैच खेला था। वह आईपीएल में कभी नहीं खेले हैं। उन्होंने 24 और 25 नवंबर को जेद्दा में होने वाली नीलामी के लिए खुद को पंजीकृत किया और अपना आधार मूल्य 1.25 करोड़ रुपए रखा है।

राइट भारत के आदर्श कोच थे : पाटिल

मुंबई। भारत की 1983 की विश्व चैंपियन टीम के सदस्य और चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष संदीप पाटिल का मानना है कि जॉन राइट भारतीय कोच के रूप में इसलिए सफल रहे क्योंकि उन्होंने खिलाड़ियों को खुली छूट दी जबकि उनके उत्तराधिकारी ग्रेग चैपल और अनिल कुंबले ऐसा करने में असफल रहे। पाटिल ने यह आकलन अपनी आत्मकथा 'बियॉन्ड बाउंड्रीज़' में किया है जिसका बुधवार को विमोचन किया गया। पाटिल को उथल-पुथल वाले चैपल युग की कई घटनाओं की जानकारी थी क्योंकि वह भारत ए के तत्कालीन कोच के रूप में चयन और बोर्ड बैठकों में भाग लेते थे।

कौर दशक की 50 खिलाड़ियों में शामिल

मेलबर्न। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को महिला बिग बैश लीग की दशक की टीम के लिए 50 खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया है। इस सूची को गुरुवार को जारी किया गया जिसमें जगह बनाने वाली हरमनप्रीत एकमात्र भारतीय क्रिकेटर हैं। इस सूची में उन्हीं खिलाड़ियों को जगह दी गई है जिन्होंने वर्तमान सत्र से पहले डब्लूबीबीएल में कम से कम 60 मैच खेले हैं।

चैंपियंस लीग : थमा विला का विजय अभियान

लेवांडोव्स्की ने दागा 99वां गोल जीते बार्सिलोना, इंटर मिलान

एजेंसी ⏭ पेरिस

बार्सिलोना और इंटर मिलान ने चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एक और जीत दर्ज की लेकिन पेनल्टी के अजीबोगरीब फैसले के कारण एस्टन विला का विजय अभियान थम गया। बार्सिलोना के लिए लेवांडोव्स्की ने 99वां गोल दागा।

एस्टन विला ने सप्ताह की शुरुआत 36 टीमों की तालिका में शीर्ष पर की थी, लेकिन उसकी जीत का सिलसिला बुधवार रात को क्लब ब्रुग से 1-0 की हार के साथ थम गया। एस्टन विला के डिफेंडर टायरोन मिंग्स ने क्लब ब्रुग के क्षेत्र में गेंद उठाई। रेफरी ने इस फाउल करार देकर विरोधी टीम को पेनल्टी दे दी। ब्रुग के कप्तान हंस वानाकेन ने 52वें मिनट में इस पर गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। एस्टन विला इस हार से तालिका में आठवें स्थान पर लुढ़क गया।

लेवांडोव्स्की ने दागे दो गोल

बार्सिलोना ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उसने रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के दो गोल की मदद से रेड स्टार बेलग्रेड पर 5-2 की बड़ी जीत दर्ज की। इससे बार्सिलोना तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गया है।



पीएसजी ने गंवाया मैच

स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबापे के बिना अपना पहला सत्र खेल रहे पेरिस सेंट जर्मेन को एटलेटिको मैड्रिड ने 2-1 से हराया। इस पराजय से फ्रांस का क्लब तालिका में 25वें स्थान पर खिसक गया। एटलेटिको मैड्रिड ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में निर्णायक गोल किया।

1-0 से जीता इंटर मिलान

इंटर मिलान ने सैन सिरो में आर्सेनल को 1-0 से हराया। उसकी तरफ से हाकन अलहानोग्लू ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी पर गोल किया। इंटर मिलन के 10 अंक हैं और वह पांचवें स्थान पर है।

ब्रेस्ट ने प्राग को हराया

चैंपियंस लीग में पहली बार खेल रहे फ्रांस के क्लब ब्रेस्ट ने स्पार्टा प्राग को 2-1 से पराजित करके अपना अजेय अभियान जारी रखा। ब्रेस्ट की टीम अभी चौथे स्थान पर है और उसका नॉकआउट चरण में पहुंचना तय है। अन्य मैचों में अटलांटा ने स्टटगार्ट को 2-0 से, साल्जबर्ग ने फेनोर्ड को 3-1 से और बायर्न म्यूनिख ने बेनफिका को 1-0 से हराया।

एटीपी फाइनल्स में सिनर और अल्काराज को मिला अलग ग्रुप

तूरिन। यानिक सिनर और कार्लोस अल्काराज को गुरुवार को हुए एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के ड्रॉ में अलग-अलग ग्रुप में जगह मिली। सिनर और अल्काराज की भिड़ंत सेमीफाइनल से पहले नहीं होगी। इली नास्तासे ग्रुप में सिनर के अलावा दानिल मेदवेदेव, टेलर फ्रिट्ज और एलेक्स डि मिनोर को जगह मिली है जबकि जॉन न्यूकॉम्ब ग्रुप में अल्काराज, एलेक्जेंडर ज्वेरेव, कास्पर रूड और आंद्रे रूबलेव शामिल हैं। साल के शीर्ष आठ खिलाड़ियों के बीच होने वाला यह टूर्नामेंट रविवार को शुरू होगा और प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो खिलाड़ी सेमीफाइनल में जगह बनाएंगे।

किरण ने कोरिया मास्टर्स के क्वार्टर में बनाई जगह

एजेंसी ⏭ इकसान सिटी

भारत के किरण जॉर्ज ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को यहां तीसरे वरीय चीनी ताइपे के ची यू जेन को तीन गेम में हराकर कोरिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

चौबीस वर्षीय भारतीय किरण ने चीनी ताइपे के दुनिया के 31वें नंबर के खिलाड़ी को दूसरे दौर के मुकाबले में एक घंटे और 15 मिनट में 21-17 19-21 21-17 से हराया। दुनिया के 44वें नंबर के खिलाड़ी किरण क्वार्टर फाइनल में जापान के पांचवें वरीय ताकुमा ओबायाशी से भिड़ेंगे। किरण ने इससे पहले इस बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के पहले दौर में वियतनाम के कुआन लिन कुओ को 15-21 21-12 21-15 से हराया था। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे एकमात्र भारतीय किरण ने मुकाबले में बेहतर शुरुआत की और पहले गेम में चीनी ताइपे के खिलाड़ी के खिलाफ बढ़त बरकरार रखते हुए इसे जीता। दूसरे गेम में भी किरण ने अच्छी शुरुआत करते हुए बढ़त बनाई लेकिन जेन ने वापसी करते हुए स्कोर 1-1 कर दिया।

जुरेल चमके पर नहीं चले राहुल, इंडिया ए 161 पर आउट

मेलबर्न। विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने अपनी शानदार तकनीक और संयम के साथ खेलने के कौशल का अच्छा नमूना पेश किया। भारत ए के अन्य बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दूसरे चार दिवसीय क्रिकेट मैच के पहले दिन गुरुवार को यहां उछाल लेती पिच पर संघर्ष करते नजर आए।

भारत ए की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 57.1 ओवर में 161 रन पर आउट हो गई। इनमें लगभग आधे रन तीसरे ओवर में बल्लेबाजी करने आए जुरेल (80 रन) ने बनाए। उनके अलावा 20 रन का आंकड़ा पार करने वाले अन्य बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल (26) थे। जुरेल की तरह इस मैच में खेलने के लिए विशेष रूप से यहां पहुंचे केएल राहुल फिर से असफल रहे और केवल चार रन बनाकर स्कॉट बोलैंड की गेंद पर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया के बेहतरीन तेज गेंदबाजों में से एक माइकल नेसर ने 27 रन देकर चार विकेट लिए। उन्होंने पहले ओवर में ही भारत को करारा झटका दिया जिससे भारतीय टीम आखिर तक नहीं उबर पाई।

रणजी ट्रॉफी

अय्यर ने दोहरा शतक ठोक चयनकर्ताओं को दिया जवाब

एजेंसी ⏭ मुंबई

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए टीम इंडिया बहुत जल्द रवाना होगी। इस सीरीज के लिए भारतीय चयनकर्ताओं ने श्रेयस अय्यर को टीम का हिस्सा नहीं बनाया है। अब स्टार खिलाड़ी ने अपनी धमाकेदार पारी से अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति को मुंहतोड़ जवाब दिया है। 29 वर्षीय बल्लेबाज ने रणजी में मुंबई और ओडिशा के बीच जारी मुकाबले के दूसरे दिन शानदार दोहरा शतक जड़ा।

मैच के पहले दिन अय्यर ने शतक जड़ा था। यह उनके फर्स्ट क्लास कॅरियर का 15वां शतक था। दूसरे दिन गुरुवार को उन्होंने अपनी पारी की शुरुआत 152 रनों के निजी स्कोर से की और 228 गेंदों में 233 रनों की दमदार पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से कुल 24 चौके और नौ छक्के निकले। यह उनके फर्स्ट क्लास करियर का उच्चतम स्कोर भी रहा। अय्यर ने अपना दोहरा शतक 201 गेंदों में पूरा किया।

लगातार दूसरे मैच में जड़ा शतक

अय्यर की मजबूत पारी के दम पर मुंबई 550 से अधिक रनों का स्कोर खड़ा कर चुकी है। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने लगातार दूसरे मैच में शतक जड़ा। इससे पहले महाराष्ट्र के खिलाफ खेले गए मुकाबले में उन्होंने 142 रन बनाए थे। तीन साल के अंतराल के बाद यह उनके बल्ले से निकला पहला शतक है। साल 2021 में न्यूजीलैंड के खिलाफ उन्होंने डेब्यू किया था और 105 रन बनाए थे। इस दौरान उनके बल्ले से 13 चौके और दो छक्के निकले थे।

शोरे का शतक, विदर्भ मजबूत स्कोर की ओर

नागपुर। हिमाचल प्रदेश को पहली पारी में 307 रन पर समेटने के बाद पूर्व चैंपियन विदर्भ गुरुवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच के दूसरे दिन सलामी बल्लेबाज ध्रुव शोरे के शतक से स्टंप तक दो विकेट पर 283 रन बनाकर मजबूत स्थिति में है। दिल्ली के लिए 10 साल खेलने के बाद 2023-24 सत्र से पहले विदर्भ से जुड़े शोरे दिन का खेल खत्म होने तक 108 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। पिछले सत्र में कर्नाटक छोड़कर विदर्भ से जुड़े करूण नायर 76 रन बनाकर खेल रहे थे। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 142 रन बनाकर विदर्भ को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया क्योंकि टीम अब हिमाचल से महज 24 रन पीछे है।

भारत खराब टीम नहीं बनी, वे चीजें बदल देंगे

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम हाल ही में भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप करने के बावजूद विनम्र बने हुए हैं और उन्होंने कहा कि रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम जल्द से जल्द शानदार वापसी करने की क्षमता रखती है। लैथम ने कहा, 'भारतीय क्रिकेट वास्तव में खास है। हमने उनके खिलाफ काफी क्रिकेट खेली है। हमारे खिलाड़ी आईपीएल में उनके साथ खेलते हैं। वे इस हार से निश्चित तौर पर निराश थे लेकिन उनकी टीम अब भी बहुत अच्छी है। एक श्रृंखला में हार से वह रातों-रात खराब टीम नहीं बन जाती। मुझे पूरा विश्वास है कि वे चीजों को बदलने में सफल रहेंगे।'

वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को उसके घर में 2-1 से रौंदा

CG | UNITED
ODI CHAMPIONS

ब्रिजटाउन। कीसी कार्टी और ब्रैंडन किंग के शतकों की मदद से वेस्टइंडीज ने तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को सात ओवर शेष रहते हुए आठ विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 2–1 से जीती। सलामी बल्लेबाज किंग ने 117 गेंद पर 13 चौकों और एक छक्के की मदद से 102 रन बनाए जबकि कार्टी ने 114 गेंद पर नाबाद 128 रन बनाए जिसमें 15 चौके और दो छक्के शामिल हैं। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 209 रन की साझेदारी की मदद से वेस्टइंडीज ने 43 ओवर में दो विकेट पर 267 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

तमिलनाडु ने अंडमान एवं निकोबार को 43-0 से रौंदा

चेन्नई। मेजबान तमिलनाडु ने गुरुवार को यहां 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अंडमान एवं निकोबार को 43-0 से रौंद दिया जबकि मध्य प्रदेश ने आंध्र प्रदेश पर 17-0 की एकतरफा जीत दर्ज की। तमिलनाडु की ओर से कप्तान कार्ति एस ने 13 गोल दागे जबकि सोमन्ना बीपी और सुंदरापंदी ने नौ-नौ गोल किए। मेजबान टीम की ओर से मरीसवरन ने छह गोल दागे जबकि पृथ्वी जीएम, सेलवराज कनंगराज और श्याम कुमार ने क्रमशः तीन, दौ और एक गोल किया। दिन के अन्य मुकाबलों में उत्तर प्रदेश ने दिल्ली को 4-1, चंडीगढ़ ने उत्तराखंड को 9-0 और मिजोरम ने तेलंगाना को 2-1 से हराया।

डब्लूपीएल : दिल्ली और गुजरात ने भी लिए कड़े फैसले

मुंबई से हरमनप्रीत रिटेन, ऑक्शन पर्स 15 करोड़

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग के बाद अब बारी विमंस प्रीमियर लीग के रिटेंशन की थी। डब्लूपीएल की सभी पांच फ्रेंचाइजियों को गुरुवार तक अपने रिटेन और रिलीज खिलाड़ियों की लिस्ट जारी करनी थी। मौजूदा विजेता मुंबई इंडियंस ने अपनी कप्तान हरमनप्रीत कौर को रिटेन किया लेकिन लीग में इतिहास रचने वाली खिलाड़ी इजी वोंग को बाहर का रास्ता दिखाया है। इसी तरह रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और दिल्ली कैपिटल्स ने भी अपनी-अपनी कप्तानों को रिटेन किया है।

बेंगलुरु ने एक बड़ा ट्रांसफर भी किया है। पिछले सीजन यूपी वॉरियर्स की तरफ से खेलने वाली डैनी व्याट इस सीजन आरसीबी की तरफ से खेलेंगी। नियम के मुताबिक एक टीम 18 खिलाड़ियों की टीम बना सकती है जिसमें अधिकतर छह विदेशी खिलाड़ी हो सकते हैं। इस साल ऑक्शन पर्स 15 करोड़ रुपए होगी। नीलामी की तारीखों के बारे में अभी खुलासा नहीं हुआ है। आपको बताते हैं किस टीम ने किन खिलाड़ियों को रिटेन किया है और किन्हें रिलीज किया है।

यूपी वॉरियर्स

रिटेन खिलाड़ी- एलिसा हीली, अंजलि सरवानी, दीप्ति शर्मा, ग्रेस हैरिस, किरण नवगिरे, चमारी अथापथु, राजेश्वरी गायकवाड़, श्वेता सहरावत, सोफी एक्लेस्टोन, ताहलिया मैकग्राथ, वृंदा दिनेश, पूनम खेमनार, साइमा ठाकोर, गौहर सुल्ताना

गुजरात जायंट्स

रिटेन खिलाड़ी- एशले गार्डनर, बेथ मूनी, दयालन हेमलता, हरलीन देयोल, लौरा वोल्वार्ड्ट, शबनम शकील, तनुजा कंवर, फोबे लिचफील्ड, मेघना सिंह, काशवी गौतम, प्रिया मिश्रा, मन्नत कश्यप, सयाली सथगरे

मुंबई इंडियंस

रिटेन खिलाड़ी- अमनजोत कौर, अमेलिया केर, क्लो ट्रायॉन, हरमनप्रीत कौर, हेले मैथ्यूज, जिन्तिमनी कलिता, नट साइवर-ब्रंट, पूजा वस्त्राकर, सैका इशाक, यास्तिका भाटिया, शबनीम इस्माइल, एस सजना, अमनदीप कौर, कीर्तन बालाकृष्णन

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर

रिटेन खिलाड़ी- स्मृति मंधाना, एस मेघना, ऋचा घोष, एलिसे पेरी, जॉर्जिया वेयरहैम, श्रेयंका पाटिल, आशा शोभना, सोफी डिवाइन, रेणुका सिंह, सोफी मोलिनेक्स, एकता बिष्ट, केट क्रॉस, कनिका आहूजा

दिल्ली कैपिटल्स

रिटेन खिलाड़ी- ऐलिस कैप्सी, अरुंधति रेड्डी, जेमिमा रोड्रिग्स, जेस जोनासेन, मारिज़ैन कप्प, मेग लैनिंग, मिन्नू मणि, राधा यादव, शैफाली वर्मा, शिखा पांडे, स्नेहा दीप्ति, तानिया भाटिया, तितास साधु, एनाबेल सदरलैंड

हिन्दी साप्ताहिक समाचार-पत्र
NAMASTE RAJASTHAN
नमस्ते राजस्थान
खबरों की सत्यता, निष्पक्षता, पारदर्शिता
E-MAIL
namasterajasthan11@gmail.Com
nrnews100@gmail.com
राजस्थान
08
भीलवाड़ा
शुक्रवार 8 नवंबर, 2024

छठ माई के करब बरतिया भोरहरी में चार बजे...

डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य, अब उगते सूरज की करेंगे पूजा

एजेंसी ⏭ पटना/ प्रयागराज

देशभर में समृद्धि, पुत्र प्राप्ति व मंगलकामना के पर्व छठ पर गुरुवार की शाम को डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया गया। इस बीच छठ माई के भजनों से घाट गूंजते रहे। छठ माई की करब बरतिया भोरहरी में चार बजे....सबसे ज्यादा प्रचलित रहा। शुक्रवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर महापर्व का समापन होगा। शहर में विभिन्न स्थानों पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। शाम होने से पहले ही व्रती तालाबों व नदियों पर डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए जल बीच खड़े रहे। बड़ी संख्या में छठ व्रती अपने पूरे परिवार एवं गाजे-बाजे के साथ छठ घाट पर पहुंचे। शाम को पूरे विधि-विधान से छठ व्रतियों ने डूबते सूर्य एवं छठ माता की आराधना की। व्रतधारी श्रद्धालु महिलाओं ने छठ माता से सुहाग की लंबी आयु तथा परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना की। स्थानीय जनप्रतिनिधि व अन्य लोग भी व्रतियों को पर्व की शुभकामनाएं देने छठ घाटों पर पहुंचे। प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पुलिस के जवान पूरी तरह मुस्तैद रहे।

पटना। सीएम नीतीश कुमार,भाजपाध्यक्ष नड्डा और सम्राट चौधरी भी छठ पूजा में शामिल हुए।

प्रयागराज। सीएम योगी आदित्यनाथ ने अस्ताचलगामी सूर्य देवता को अर्घ्य दिया।

रांची। सीएम की पत्नी कल्पना सोरेन ने अर्घ्य दिया।

प्रयागराज। गंगा किनारे श्रद्धालु पूजन करते हुए।

खबर संक्षेप

सिद्दीकी हत्याकांड में दो और आरोपी गिरफ्तार

मुंबई। एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। मुंबई क्राइम ब्रांच ने बताया कि दोनों आरोपियों को महाराष्ट्र के पुणे से गिरफ्तार किया गया है। इस हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या 18 हो गई है। बुधवार को भी एक को गिरफ्तार किया गया था। लॉरेंस बिश्नोई का हाथ बताया जा रहा है।

निर्माणाधीन ओवर ब्रिज का गर्डर गिरा, 1 की मौत

गोरखपुर। गुरुवार सुबह लगभग 9:40 बजे गोरखपुर के चिलुआताल थाना क्षेत्र के नकहा जंगल रेलवे स्टेशन के पास गेट संख्या 05 स्पेशल के पास निर्माणाधीन ओवरब्रिज पर हादसा हो गया। क्रेन से लोहे का भारी गर्डर उठाते समय अचेन टूटने से गर्डर नीचे गिर गया। एसएसबी के निरीक्षक विजेंद्र सिंह कोठारी की मौत हो गई।

अनैतिक संबंध के मामले में प्रिंसिपल गिरफ्तार

जयपुर। राजस्थान के बाड़मेर जिले में एक सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल को छात्राओं के साथ दरिंदगी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। प्रिंसिपल के ऊपर छात्राओं को परेशान करने और उन पर 'अनैतिक' संबंध बनाने का दबाव डालने का आरोप है। उसने परीक्षा और खेल में फायदा दिलाने का वादा किया था।

सिर काटने वाले को देंगे 50 लाख, मंडल को धमकी

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री और बरहेट विधानसभा से चुनाव लड़ रहे हेमंत सोरेन के प्रस्तावक मंडल मुर्मू को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी मिली है। बुधवार को मंडल को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म वॉट्सएप पर धमकी मिली। मुर्मू का सिर काटने वाले को 50 लाख रुपए दिया जाएगा।

कोलकाता के आरजी कर मामले की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

राष्ट्रीय टास्क फोर्स की रिपोर्ट को सभी राज्यों केंद्र शासित प्रदेशों के साथ साझा किया जाए

सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने बीते 8-9 अगस्त की दरमियानी रात हुई वारदात के मामले में अब तक की जांच की प्रगति पर सीबीआई की तरफ से दाखिल स्टेटस रिपोर्ट देखी। अदालत ने साफ किया कि मामले की जांच चल रही है, इसलिए पीठ फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं करना चाहती।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका पर सुनवाई शुरू हुई। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने बीते 8-9 अगस्त की दरमियानी रात हुई वारदात के मामले में अब तक की जांच की प्रगति पर सीबीआई की तरफ से दाखिल स्टेटस रिपोर्ट देखी।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कोलकाता की अदालत ने मुख्य आरोपी संजय रॉय के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। अदालत ने साफ किया कि मामले की जांच चल रही है, इसलिए पीठ फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं करना चाहती। इससे पहले स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा पर प्रोटोकॉल बनाने के लिए गठित राष्ट्रीय टास्क फोर्स ने भी सुप्रीम कोर्ट में अपनी रिपोर्ट पेश की। शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय टास्क फोर्स की रिपोर्ट को सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों के साथ साझा करने को कहा।

कोलकाता की कोर्ट ने मुख्य आरोपी संजय के खिलाफ आरोप तय किए

डॉक्टरों की सुरक्षा पर शीर्ष अदालत ने दी **हिदायत**

डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए सभी राज्यों से मांगे **सुझाव**

कोलकाता ट्रेनी डॉक्टर रेप मर्डर केस

प.बंगाल से बाहर केस ट्रांसफर करने से इनकार

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 9 अगस्त को ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए रेप और मर्डर केस में सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई की अपडेटेड स्टेटस रिपोर्ट को लेकर 4 हफ्ते में जवाब मांगा है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई किसी और राज्य में ट्रांसफर करने से भी इनकार कर दिया है। डॉक्टरों की सुरक्षा से जुड़ी याचिका पर एक वकील ने कोर्ट को बताया कि केंद्र सरकार ने एनटीएफ की रिपोर्ट दाखिल कर दी है। इसके बाद सभी याचिकाकर्ता और राज्यों के चीफ सेक्रेटरी इस पर अपने सुझाव दें। इसके लिए कोर्ट ने तीन हफ्ते का समय दिया है। 11 नवंबर से मुकदमे की रोजाना सुनवाई होगी।

आरजी कर मामला मणिपुर से अलग

दूसरे राज्य में ट्रांसफर करने से कोर्ट ने कर दिया इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने मामले में की सुनवाई पश्चिम बंगाल से अलग दूसरे राज्य में ट्रांसफर करने से इनकार कर दिया। कोर्ट के सामने मुकदमे को बंगाल से बाहर ट्रांसफर करने की मांग की गई थी। जिसको लेकर शीर्ष अदालत ने कहा कि वो ऐसा कोई आदेश पारित नहीं करने जा रही है।यह पूरा घटनाक्रम सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाल और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ के सामने हुआ। इस पर जवाब देते हुए सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि हां, हमने मणिपुर जैसे मामलों में ऐसा किया है। लेकिन, हम यहां ऐसा कुछ नहीं कर रहे हैं। ऐसा कोई ट्रांसफर नहीं है। अगस्त में शीर्ष कोर्ट ने मामले में स्वतः संज्ञान लिया था।

वकील पर भड़के सीजेआई चंद्रचूड़े

एक अन्य वकील ने कहा कि बंगाल के लोगों का न्यायपालिका और राज्य की पुलिस पर से भरोसा उठ गया है तो सीजेआई ने उन्हें फटकार लगाते हुए कहा कि लोगों के बारे में बात मत करो। तुम किसके लिए पेश हो रहे हो? ऐसे बयान मत दो। कोर्ट में कैंटीन की गपशप हो रही है!

सभी प्रदेशों के मुख्य सचिव सिफारिशें दें

मामले की अगली तारीख 11 नवंबर तय की गई है। सुझाव देने के लिए कोर्ट द्वारा गठित राष्ट्रीय टास्क फोर्स ने भी अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। कोर्ट ने निर्देश दिया कि एनटीएफ रिपोर्ट की एक प्रति मामले में सभी पक्षों, सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों के साथ साझा की जाए।

सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला

इतिहास में रह जाएगी जेट एयरवेज, असेट्स बेचे जाएंगे

नई दिल्ली। भारत के एविएशन सेक्टर का कभी सबसे चमकता सितारा रही जेट एयरवेज अब पूरी तरह इतिहास के पन्नों में सिमटने जा रही है। इस एयरलाइंस को दोबारा शुरू करने की कई कोशिशें की गईं, लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐसा फैसला सुनाया है, जिसके बाद हर तरह की संभावना पर विराम लग गया है। अब इस कंपनी का अस्तित्व सिर्फ इतिहास की किताबों में ही नजर आएगा। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में जस्टिस जेबी पारदीवाला एवं जस्टिस मनोज मिश्रा की खंड पीठ ने जेट एयरवेज के मामले में उसके लिक्विडेशन का फैसला सुनाया है। किसी कंपनी का लिक्विडेशन उसके एसेट्स इत्यादि को बेचकर उसे पूरी तरह खत्म करना होता है। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट ने एनसीएलएटी के एक फैसले को खारिज कर दिया।

एसबीआई की याचिका पर आया फैसला

जेट को दोबारा शुरू करने के लिए जालान कालरॉक कंसोर्टियम ने एनसीएलटी के सामने समाधान योजना पेश की थी। इस रिजॉल्यूशन प्लान को बनाए रखने और जेट एयरवेज का स्वामित्व जेकेसी को ट्रांसफर करने के लिए नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल (एनसीएलएटी) ने एक फैसला सुनाया था, जिसे अब सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है और इसी के साथ कंपनी के लिक्विडेशन का रास्ता साफ कर दिया है। फैसले के खिलाफ देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई की लीडरशिप वाले कर्जदाताओं के एक समूह ने याचिका दायर की थी। याचिका में जेकेसी के पक्ष में जेट की समाधान योजना को बरकरार रखने के फैसले का विरोध किया गया था।

एनसीएलएटी को लगी कड़ी फटकार

सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि एयरलाइंस का लिक्विडेशन इसे कर्ज देने वाले बैंकों, इसके वर्कर्स और अन्य स्टेक होल्डर्स के हित में होगा। कंपनी की संपत्तियों को बेचकर आने वाले पैसे कर्जदारों के ऋणों का भुगतान किया जाएगा। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एनसीएलएटी को उसके फैसले के लिए फटकार भी लगाई है।

मंत्री खट्टर, सीएम सुक्खू की बैठक

शानन प्रोजेक्ट में किसी का फेवर नहीं, सही निर्णय लेंगे

एजेंसी ⏭ शिमला

हिमाचल सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू और केंद्रीय शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर के बीच शिमला में महत्वपूर्ण बैठक खत्म हो गई। खट्टर ने कहा कि बीबीएमबी में हिमाचल का जो विषय है, उस विषय में आगे बढ़े हैं। शानन प्रोजेक्ट में हम किसी की फेवर करने के विषय में नहीं है। जो न्यायपूर्ण होगा, उसे करेंगे। ग्रीन बोनस मामले में लाभ के लिए नीति बनानी होगी। वाटर सेस मामले में कोर्ट ने मना किया है। खट्टर ने कहा कि हिमाचल सरकार के समक्ष रखा गया कि मुफ्त बिजली का हिस्सा बढ़ना चाहिए। जाठिया देवी नया शहर बसाने के मामले में खट्टर ने कहा कि यह केंद्र के विचाराधीन है। पंद्रहवें वित्तायोग के तहत नए शहरों को बसाने के लिए 8 हजार करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है।

लोक गायिका शारदा को श्रद्धांजलि

र कोकिला शारदा सिन्हा
(1952-2024)
पटना। रेत कलाकार मधुरेंद्र ने गुरुवार को पटना में दिवंगत लोक गायिका शारदा सिन्हा को श्रद्धांजलि देने के लिए कलाकृति बनाई।

प्रयागराज में अखाड़ा परिषद की बैठक में कटा बवाल

2 गुट आए आमने-सामने, साधु-संतों में जमकर हुआ झगड़ा और मारपीट

एजेंसी ⏭ प्रयागराज

प्रयागराज में महाकुंभ 2025 से पहले अखाड़ों के बीच आपसी मतभेद खुलकर सामने आया है। अखाड़ों की जमीन निरीक्षण के पहले 13 अखाड़ों के साधु-संत बैठक के लिए मेला प्राधिकरण के दफ्तर में पहुंचे थे। इसी दौरान निर्मोही अखाड़े के महंत राजेंद्र दास से किसी बात को लेकर किसी साधु से झगड़ा हुआ और नौबत मार-पीट तक आ गई। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री स्वामी हरी गिरी महाराज ने भी दूसरे गुट के संत की पिटाई की। एक गुट बैठक के दौरान हर-हर महादेव के नारे लगा रहा था। दूसरे गुट के साधु-संत नाराज हो गए थे और मारपीट करने लगे।

- जमीन निरीक्षण के पहले 13 अखाड़ों के साधु-संत मेला प्राधिकरण के दफ्तर पहुंचे

गुटबाजी खुलकर आई सामने

अखाड़ा परिषद की तरफ से बैठक बुलाई गई थी।बैठक में हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इससे पहले भी अखाड़ों के दो गुटों में बटे होने को लेकर चिंता जताई गई थी। कहा गया था कि आने वाले दिनों में सब ठीक हो जाएगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। अखाड़ा परिषद में लंबे समय से विवाद और गुटबाजी चली आ रही है।